उज्जैन
सोमवार
09
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-124
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



मंदाना करीमी भारत छोड़ेंगी : कहा- इंडिया ने धोखा दिया, काम मिलना बंद हुआ ईरान आजाद होते ही लौटूंगी पहले भी विवादों में रहीं एक्ट्रेस

पेज- 8

## दिल्ली शराब नीति केस- हाइकोर्ट में सीबीआई की अपील पर सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाइकोर्ट आज दिल्ली शराब नीति केस में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन की अपील पर सुनवाई करेगा।



दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 27 फरवरी को मामले में आरोपी बनाए गए दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिय समेत 23 लोगों को बरी कर दिया था। फैसला आने के 6 घंटे के बाद ही सीबीआई ने इसके खिलाफ हाइकोर्ट में अपील कर दी थी। सीबीआई ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट से इसे रद्द करने की मांग की है। वहीं, बरी होने के बाद कोर्ट से बाहर मीडिया से बातचीत के दौरान केजरीवाल भावुक हो गए। उन्होंने कहा- मैंने जिंदगी में सिर्फ ईमानदारी कमाई है।

## अमेरिका में तूफान से 12 साल के बच्चे समेत 6 लोगों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में रविवार को तूफान और बंबडर की वजह से 12 साल के बच्चे समेत 6 लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। सबसे ज्यादा नुकसान अमेरिका के मिशिगन और ओक्लाहोमा में हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, दक्षिणी मिशिगन में चार लोगों की मौत हुई। वहीं ओक्लाहोमा में दो लोगों की जान गई। इसके अलावा 12 लोगों के घायल होने की भी खबर है। अधिकारियों ने बताया कि कई घरों और इमारतों को गंभीर नुकसान पहुंचा है। मिशिगन की गवर्नर ग्रेचैन विटमर ने इमरजेंसी घोषित कर दी है और कहा है कि प्रभावित लोगों की मदद के लिए रिसोर्स जुटाए जा रहे हैं।

## खामेनेई के बेटे मुजतबा नए सुप्रीम लीडर बने

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई को उनका



उत्तराधिकारी और देश का नया सुप्रीम लीडर चुना गया है। उनके नाम का ऐलान ईरानी सरकारी टीवी ने सोमवार तड़के किया। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब उनके पिता की 28 फरवरी को इजराइली हमले में मौत के बाद क्षेत्र में जारी जंग ने नया मोड़ ले लिया है। मुजतबा खामेनेई को लंबे समय से इस पद के प्रमुख दावेदारों में माना जाता रहा था, हालांकि उन्होंने कभी कोई निर्वाचित या औपचारिक सरकारी पद नहीं संभाला है।

## ईरान जंग से सेंसेक्स 2,300 अंक गिरकर 76,500 पर आया

**मुंबई।** मिडल ईस्ट में अमेरिका-इजराइल और ईरान के कारण शेयर बाजार में आज यानी 9 मार्च को बड़ी गिरावट है। सेंसेक्स करीब 2,300 अंक (2.80%) नीचे 76,500 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में भी करीब 700 अंक (2.80%) की गिरावट है, ये 23,750 कारोबार कर रहा है। आज बैंक, ऑटो, मेटल, एनर्जी और एफएमसीजी शेयरों में ज्यादा बिकवाली है। ईरान-इजराइल युद्ध से सप्लाई चेन बिगड़ने का डर। कच्चे तेल के दाम बढ़ने से भारत का इंपोर्ट बिल और महंगाई बढ़ेगी। अमेरिका और एशियाई बाजारों में गिरावट का असर भारत पर। कच्चा तेल 9 दिन में 48% चढ़ा मिडल ईस्ट में अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) के दाम साढ़े तीन साल के हाई पर पहुंच गए हैं।

### उज्जैन में टीम इंडिया की जीत का जश्न मनाने पर मारपीट

# पटाखे फोड़ने पर हुआ विवाद, लाठी-डंडों से किया हमला, 10 लोग घायल

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

उज्जैन के चिमनगंज थाना क्षेत्र में भारतीय टीम की जीत का जश्न मनाने के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। पटाखे फोड़ने को लेकर शुरू हुआ विवाद बढ़कर मारपीट में बदल गया, जिसमें महिलाओं सहित दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घटना रविवार रात जीरो पॉइंट ब्रिज के पास राज रॉयल कॉलोनी की है।

जानकारी के अनुसार कॉलोनी के लोग भारतीय टीम की जीत का जश्न मना रहे थे। इस दौरान पटाखे फोड़ने को लेकर वहीं रहने वाले दूसरे पक्ष के कुछ युवकों ने आपत्ति जताई। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई।

**हथियार और डंडों से किया हमला-** आरोप है कि विवाद बढ़ने पर एक पक्ष के करीब एक दर्जन लोग डंडे और हथियार लेकर पहुंचे और कॉलोनी के लोगों पर हमला कर दिया। इस दौरान कई लोगों के साथ मारपीट की गई, जिसमें महिलाएं भी घायल हुई हैं।



घटना में रविंद्र हाड़ा, दृष्टि हाड़ा, मनीष मेहरले, अनिता मेहरले, विमला मालवीय, लैला सिंह हाड़ा, मानवेन्द्र सिंह हाड़ा और विशाल मालवीय घायल हुए हैं। वहीं दूसरे पक्ष के शादाब खान, वाहिद खान और एक महिला के भी घायल होने की जानकारी सामने आई है।

चिमनगंज थाने पहुंचे घायल मनीष मेहेरेले और रविंद्र हाड़ा ने आरोप लगाया कि वे घर के बाहर बैठकर भारत की जीत का जश्न देख रहे थे। उसी दौरान कुछ लोग पटाखे फोड़ रहे थे। उनका किसी से कोई विवाद नहीं हुआ था। इसी बीच कुछ लोग वहां पहुंचे और अचानक मारपीट शुरू कर दी। पीड़ितों का कहना है कि वे कुछ समझ पाते उससे पहले ही हमलावरों ने हथियारों से हमला कर दिया और उनकी बहन के हाथ में चाकू मार दिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस ने मेडिकल कराने से पहले उन्हें करीब एक घंटे तक थाने में बैठाए रखा।

## भारत के टी-20 विश्व विजेता बनते ही लहरा उठा तिरंगा

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

धार्मिक नगरी में सुबह से छाई मस्ती शाम को आतिशबाजी में बदल गई। मौका था भारत के टी 20 विश्व विजेता बनने का। सुबह से दोपहर तक टावर चौक पर उड़ता रहा वही शाम को आतिशबाजी के साथ तिरंगा लहरा उठा। रंगपंचमी के साथ रविवार को टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल का इंतजार भी देशवासियों के साथ शहर वासियों को था। फाइनल मुकाबले में भारत के सामने न्यूजीलैंड की टीम थी। शाम 7 बजे वर्ल्ड कप का फाइनल शुरू होने के आधे घंटे बाद ही भारत के विश्व विजेता बनने की उम्मीद परवान चढ़ने लगी थी। 20 ओवर का खेल पूरा होने पर क्रिकेट प्रेमियों के साथ ही शहरवासियो ने जश्न मनाने की तैयारी शुरू कर दी थी। जैसे ही 11 बजे और भारत की टीम 96 रनों से विश्व विजेता बनी धार्मिक नगरी की सड़कों पर युवा तिरंगा लेकर निकल पड़े। टावर चौक पर जश्न शुरू हुआ और आसमान आतिशबाजी से रंग दिखाई देने लगा। करीब 1 घंटे तक शहर की हर गली से पटाखे की गूंज सुनाई देती रही। कई युवा ढोल नगाड़ो के साथ निकल पड़े। दिन में छाई रंगों की मस्ती शाम को तिरंगे की शान में रंगी दिखाई दी। सुबह से दोपहर तक सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रही पुलिस ने शाम को राहत की सांस ली थी लेकिन रात 10 बजे बाद फिर मैदान संभाल लिया था।

## कप्तान सूर्या वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद हनुमान मंदिर पहुंचे

### देशभर में जश्न, आतिशबाजी के साथ लोग नाचे, तिरंगा लेकर सड़कों पर उतरे




**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को खेले गए टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर खिताब जीत लिया। इस ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे देश में दिवाली जैसा माहौल है। प्रशंसक सड़कों पर नाचते रहे, आतिशबाजी और तिरंगा फहराकर खुशी मनाई। इधर कप्तान सूर्यकुमार यादव देर रात वर्ल्ड कप ट्रॉफी लेकर अहमदाबाद के हनुमान मंदिर पहुंचे और पूजा की। इस दौरान आईसीसी चेयरमैन जय शाह और टीम के हेड कोच गौतम गंभीर भी उनके साथ थे।

## इंदौर से जुड़े ग्वालियर के हनी ट्रैप रैकेट के तार

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

राजस्थान के एक ऑटो पार्ट्स कारोबारी को हनी ट्रैप कर 12 लाख रुपए का सोना लूटने वाली गैंग के तार अब इंदौर से भी जुड़ गए हैं। कारोबारी की दोस्ती फेसबुक पर इंदौर की एक महिला से हुई थी। महिला ने उसे ग्वालियर की हनी ट्रैप गैंग की मास्टरमाइंड रीता का मोबाइल नंबर दिया।

इसके बाद रीता ने कारोबारी को मिलने के लिए बुला लिया। गैंग में दो पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। ये लोग फेसबुक पर सबसे पहले कारोबारियों को हैलो का मैसेज भेजती हैं। इसके बाद धीरे-धीरे बातचीत बढ़ाकर उनसे एडल्ट चैट करने लगती हैं। जब कारोबारी पूरी तरह इनके जाल में फंस जाता है तो उसे फ्लैट पर मिलने के लिए बुलाया जाता है। हैलो से शुरू हुई बातचीत गांधी नगर के एक फ्लैट के कमरे तक पहुंचती है। इसके बाद हनी ट्रैप गैंग की ब्लैकमेलिंग का खेल शुरू होता है। आरोपी व्यापारी के पास मौजूद नकदी और गहने लूट लेते हैं।

## मेघदूत ढाबे के समीप गार्डन में लगी आग

### फायर ब्रिगेड की दमकलों ने पहुंचकर बुझाई आग

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

रविवार रात 1 बजे के लगभग इंदौर रोड मेघदूत ढाबे के समीप एक गार्डन में अचानक आग लग गई। आग लगने की जानकारी लगने पर फायर ब्रिगेड की दमकलें मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास शुरू किये फायर ब्रिगेड की दमकल जब तक पहुंची तब तक आग काफी ज्यादा फैल चुकी थी और उसने गार्डन में बने हाल को अपनी चपेट में ले लिया था इस कारण गार्डन व हाल में रखा सामान जल गया। बड़ी मशक्कत के बाद दमकलों ने आग पर काबू पाया।



हालांकि अभी इस आगजनी की घटना में कितना नुकसान हुआ है इसका आंकलन नहीं हो पाया है। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी।

### अवैध कॉलोनियों पर रोक लगाने के लिए सख्त रुख

## शहर-गांव के लिए एक ही कॉलोनाइजर एक्ट होगा

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी तेजी से बढ़ रही अवैध कॉलोनियों पर रोक लगाने के लिए राज्य सरकार सख्त रुख अपनाने जा रही है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में नगरीय क्षेत्र (कॉलोनी विकास) अधिनियम-2021 में संशोधन का मसौदा तैयार किया जा रहा है। प्रस्तावित बदलावों के तहत अवैध कालोनियों पर कड़ा प्रहार करने के लिए अब शहर और गांव के लिए एक ही कॉलोनाइजर एक्ट होगा।

अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ दंड और जुमार्ने को कई गुना बढ़ाने की तैयारी है। इसमें अवैध कॉलोनियों की



शिकायत मिलने पर 90 दिन में एफआईआर दर्ज करने, अधिकतम सजा 10 साल तक करने और एक करोड़ रुपये जुमार्ने का प्रावधान प्रस्तावित है। हालांकि, नया कानून पुरानी कॉलोनियों पर लागू होगा या नई कॉलोनियों, पर इसको लेकर निर्णय लिया जाना है।

गौरतलब है कि पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी सटे ग्रामीण क्षेत्रों में कालोनियों का निर्माण तेजी के साथ हो रहा है। निगरानी की कमी के कारण अवैध कॉलोनियां भी बन रही हैं, जहां रहवासियों को आवश्यक सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं। यही स्थिति शहरी क्षेत्र में भी है। उधर, ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लिए कॉलोनाइजर अधिनियम अलग-अलग हैं। इन्हें एक करके कड़े प्रावधान लागू करने का प्रारूप तैयार किया गया है, जिससे पंचायत एवं ग्रामीण व नगरीय विकास एवं आवास विभाग सहमत हैं। एकीकृत कॉलोनाइजर अधिनियम बजट सत्र में प्रस्तुत करना प्रस्तावित था लेकिन वरिष्ठ सचिव समिति की बैठक नहीं हो पाई।



## खबर एक नजर...

### मंदिर के पास शराब पीला रहा युवक पकड़ाया

**उज्जैन।** नगर निगम के पीछे मनकामनेश्वर मंदिर के पास एक युवक द्वारा डिस्पोजल ग्लिास में शराब के पैक बनाकर लोगों को पिलाने और बदले में रुपए लिये जाने की खबर मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस ने दबिश मारी। जहां से लवेश गेहलोत नामक युवक को पकड़ा गया। जिसके पास से अंग्रेजी शराब की बोतल और डिस्पोजल ग्लिास बरामद हो गये। पुलिस के अनुसार युवक के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (6) का प्रकरण दर्ज किया है।

### चालक पर लापरवाही से कार चलाने का केस दर्ज

**उज्जैन।** खाचरौद थाना क्षेत्र के उज्जैन-जावरा मार्ग पर ग्राम लेकोडिया नायरा पेट्रोल पंप के सामने 3 फरवरी को हुई दुर्घटना में नरसिंह पिता रामाजी 75 साल निवासी ग्राम लेकोडिया खाचरौद की मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया था। एक माह की जांच के बाद सामने आया कि वृद्ध को कार क्रमांक एमपी 04 ईसी 9830 ने टक्कर मारी थी। पुलिस ने कार नम्बर सामने आने पर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर एक व्यक्ति की जान लेने की धारा 106 (1) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया है।

### रिमांड पर 8 लाख लूटने वाले चार बदमाश

**उज्जैन।** सायरखेड़ी मार्ग पर शुक्रवार-शनिवार हुई 8 लाख की लूट में गिरफ्तार किये गये चार बदमाशों को रविवार दोपहर न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। बदमाशों से लूट की शेष राशि और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद करने का प्रयास जारी है। चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि नागेश्वरधाम कालोनी में रहने वाला अनुराग पिता राजेन्द्रसिंह आंजना शुक्रवार शाम दोस्त अनिरूद्ध सेन के साथ तराना तहसील के ग्राम हालूखेड़ी में मामा ईश्वरसिंह के यहां से 8 लाख रुपए लेकर एक्टिवा क्रमांक एमपी 13 ईवी 9130 से वापस लौट रहा था। सायरखेड़ी मार्ग पर झमझम कैफे के पास बाइक से आये 3 नकाबपोश बदमाशों अनुराग और उसके दोस्त अनिरूद्ध के साथ मारपीट करते हुए 8 लाख रुपए लूट लिये थे। मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। इस दौरान सामने आया कि लूट का षडयंत्रकारी उसके साथ रहा दोस्त अनिरूद्ध सेन ही है।

**शीतला सप्तमी विशेष**

# शीतला सप्तमी पर क्यों खाते हैं बासी खाना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन. पं. राहुल शुक्ल

चैत्र कृष्ण सप्तमी पर देश के घर-घर मे शीतला माता की पूजा व बासी खाना खाने की धार्मिक मान्यता है। शीतला माता को रोग शोक का शमन करनेवाली देवी माना गया है। इन्हें दरिद्रता दूर करनेवाली देवी कहा गया है।सबसे कौतुहल का विषय है शीतला माता की सवारी जो चित्रों और विग्रहो मे गधे के रूप मे दिखती है। शीतला माता को लेकर कुछ पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। एक पौराणिक कथानुसार एक बार शीतला माता ने मन में विचार किया कि आज मैं स्वयं धरती पर जाकर देखूँ कि कौन मेरी पूजा करता है और कौन मुझे मानता है। यही सोचकर शीतला माता धरती पर राजस्थान के डुंगरी गाँव में आईं। वहाँ आकर उन्होंने देखा कि इस गाँव में न तो उनका कोई मंदिर है और न ही उनकी पूजा होती है। शीतला माता गाँव की गलियों में घूम रही थीं। तभी एक मकान की छत से किसी ने चावल का उबला हुआ पानी (मांड) नीचे फेंक दिया। वह खौलता हुआ पानी शीतला माता के ऊपर गिरा, जिससे उनके शरीर पर छाले पड़ गए और पूरे शरीर में भयंकर जलन होने लगी।

**शीतला माता इधर-उधर भागते हुए चिल्लाने लगीं—** हाय! मैं जल गई, मेरा शरीर तप रहा है। कोई मेरी सहायता करो।

### कुम्हारन ने की सहायता

अपने घर के बाहर एक कुम्हारन बैठी हुई थी। उसने देखा कि एक बूढ़ी माई बहुत बुरी तरह जल गई है। उसके पूरे शरीर पर छाले पड़ गए हैं और वह जलन सहन नहीं कर पा रही है।



कुम्हारन ने करुणा से कहा—माँ, आप यहाँ आकर बैठ जाइए। मैं आपके ऊपर ठंडा पानी डालती हूँ। उस कुम्हारन ने बूढ़ी माई के शरीर पर खूब ठंडा पानी डाला और फिर बोली— माँ, मेरे घर में रात की बनी हुई राबड़ी और थोड़ा दही रखा है। आप दही-राबड़ी खा लीजिए। जब बूढ़ी माई ने ठंडी ज्वार के आटे की राबड़ी और दही खाया, तो उनके शरीर को ठंडक मिली।
फिर कुम्हारन बोली— माँ, आपके बाल बिखरे हुए हैं। आइए, मैं आपकी चोटी गूँथ देती हूँ। जब वह कंघी कर रही थी, तभी उसकी दृष्टि बूढ़ी माई के सिर के पीछे पड़ी। उसने देखा कि वहाँ एक आँख छिपी हुई है। यह देखकर वह डर के मारे भागने लगी।

### तभी बूढ़ी माई ने कहा—

रुक जा बेटी, मत डर। मैं कोई भूत-प्रेत नहीं हूँ। मैं शीतला देवी हूँ। मैं तो धरती पर यह देखने आई थी कि कौन मुझे मानता है और कौन मेरी पूजा करता है।
इतना कहते ही माता अपने वास्तविक रूप में प्रकट हो गईं—चार भुजाओं वाली, हीरे-जवाहरात के आभूषण धारण किए हुए और सिर पर स्वर्ण मुकुट लगाए हुए।मां के दर्शन कर कुम्हारन बहुत खुश हुई।

### ऐसे बना गधा सवारी

माता के दर्शन कर कुम्हारन सोचने लगी कि अब वह इस माता को कहाँ बैठाए, क्योंकि वह बहुत गरीब थी। माता ने उसके मन की बात जान ली और बोलीं—
बेटी, तू किस सोच में पड़ गई है?
कुम्हारन ने हाथ जोड़कर, आँखों में आँसू भरते हुए कहा—माँ, मेरे घर में चारों ओर दरिद्रता फैली हुई है। न मेरे पास चौकी है, न बैठने का आसन। मैं आपको कहाँ बैठाऊँ?
यह सुनकर शीतला माता प्रसन्न हुईं। उन्होंने कुम्हारन के घर के बाहर खड़े गधे पर बैठकर, एक हाथ में झाड़ू और दूसरे हाथ में डलिया ली। माता ने झाड़ू से उस कुम्हारन के घर की सारी दरिद्रता समेटकर डलिया में भर दी और उसे दूर फेंक दिया।
फिर माता ने कहा— बेटी, मैं तेरी सच्ची भक्ति से बहुत प्रसन्न हूँ। अब तू मुझसे कोई भी वरदान माँग ले। कुम्हारन ने हाथ जोड़कर कहा— माँ, मेरी इच्छा है कि आप इसी डुंगरी गाँव में स्थापित होकर यहीं निवास करें। जैसे आपने मेरे घर की दरिद्रता झाड़ू से दूर की है, वैसे ही जो भी व्यक्ति होली के बाद आने वाली सप्तमी को श्रद्धा-भाव से आपकी पूजा करे, आपको ठंडा जल, दही और बासी ठंडा भोजन अर्पित करे—आप उसके घर की दरिद्रता भी दूर करना। आपकी पूजा करने वाली स्त्रियों का अखंड सुहाग बनाए रखना और उनकी गोद सदैव भरी रखना। साथ ही जो पुरुष शीतला सप्तमी के दिन नाई के यहाँ बाल न कटवाए, धोबी को कपड़े न दे, ठंडा जल, नारियल और फूल अर्पित कर परिवार सहित ठंडा-बासी भोजन करे—उसके व्यापार और काम-धंधे में कभी दरिद्रता न आए।
**माता ने कहा—** तथास्तु बेटी। तूने जो भी वरदान माँगे हैं, मैं सब देती हूँ। साथ ही मैं तुझे यह आशीर्वाद देती हूँ कि धरती पर मेरी पूजा का मुख्य अधिकार केवल कुम्हार जाति को ही होगा। उसी दिन से डुंगरी गाँव में शीतला माता की स्थापना हुई और उस गाँव का नाम पड़ा शील की डुंगरी। शील की डुंगरी भारत का एकमात्र मुख्य शीतला माता मंदिर माना जाता है। वहाँ शीतला सप्तमी के अवसर पर विशाल मेला भरता है।

# निर्माणाधीन पुल के नीचे से आवाजाही

## पुल के ऊपर क्रेन वजनी सामान चढ़ाती रहती है और पुल के नीचे से वाहन निकलते रहते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इंदौर रोड शांति पैलेस चौराहे पर पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन खास बात यह है कि यहां से निकलते समय वाहन चालकों को किस तरह की परेशानी उठानी पड़ रही है। इस और किसी का ध्यान नहीं है। यहां से वाहनों को निकलने के लिए पर्याप्त रास्ता भी नहीं है। एक ही मार्ग से वाहनों की आवाजाही हो रही है। इस कारण वाहन रेंगते हुए निकल रहे हैं न ही कोई वैकल्पिक मार्ग है। जिससे कि वाहनों की अलग-अलग आवाजाही की जा सके। इस मार्ग पर फैली अव्यवस्था के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। रात में यह मार्ग वाहन चालकों के लिए और भी ज्यादा खतरनाक साबित हो रहा है। एक तरफ सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है तो वहीं दूसरी तरफ शांति पैलेस चौराहे पर पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। ऐसे में यहां से वाहन चालकों को निकलना काफी मुश्किल हो गया है। लेकिन इस और कोई ध्यान नहीं दिया गया है ना हीं कोई अस्थाई रूप से मार्ग तैयार किया गया है। जिससे कि लोग उसका उपयोग कर सके और आसानी से निकल सके।

**लोगों को घूमकर जाना पड़ रहा-** नानाखेड़ा से शांति पैलेस चौराहे तक मार्ग चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। इस कारण नानाखेड़ा तरफ जाने वाले लोगों को घूमकर जाना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी क्षेत्रीय लोगों को उठानी पड़ रही है।



### सुरक्षा के कोई प्रबंध नहीं

शांति पैलेस चौराहे पर निमार्णाधीन पुल के नीचे से वाहनों की बेधड़क आवाजाही हो रही है पिछले दिनों पूल के पिलर पर चढ़कर काम कर रहे झारखंड के एक मजदूर की दबने से मौत हो गई थी इधर निमार्णाधीन पुल के नीचे से बैधड़क वाहन निकल रहे हैं कई बार तो क्रेन पुल के ऊपर वजनी समान चढ़ाती रहती है और पुल के नीचे से वाहन भी निकलते रहते हैं ऐसे में हमेशा हादसे की संभावना बनी रहती है। लेकिन इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है ना ही कोई सुरक्षा के प्रबंध किए गए हैं। बैधड़क लोग निमार्णाधीन पुल के नीचे से वाहन लेकर निकल रहे हैं। हालांकि इसमें वाहन चालकों की कोई गलती नहीं है क्योंकि उनके जाने के लिए इस मार्ग के अलावा कोई अन्य मार्ग भी नहीं है।

### हादसे के बाद भी व्यवस्था नहीं सुधरी

पिछले दिनों जिस पुल के पिलर पर हादसे में एक मजदूर की जान गई थी उस पिलर के नीचे से बेधड़क वाहनों की आवाजाही हो रही है ऐसे में किसी भी दिन हादसा हो सकता है लेकिन यहां कोई सुरक्षा के प्रबंध भी नहीं किए गए हैं ना ही कोई वैकल्पिक मार्ग बनाया गया है ताकि यातायात डायवर्ट किया जा सके। इस मार्ग पर यातायात का अधिक दबाव रहता है इंदौर और बड़नगर बाईपास की तरफ से आने वाले वाहन इसी मार्ग से होकर महाकाल मंदिर की ओर जाते हैं ऐसे में हमेशा यहां पर दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

# उज्जैन में रंगपंचमी का अभ्युदय!

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन. निरुक्त भार्गव

जैसे एम.पी. अजब-गजब है, वैसे उज्जैन तो कहीं ज्यादा ऐसा-वैसा है. गुलाल, रंग और बहुतेरे इवेंट्स के बीच मस्ती छाई हुई है। सच्ची तस्वीर देखनी है तो चले आइए, अवंतिका नगरी...

**झोली में है, सब-कुछ-** 2000 से 5000 करोड़ रुपए की लागत से क्षिप्रा नदी का कायाकल्प किया जा रहा है, 29 किलोमीटर लंबे स्नान घाटों पर रिवर कॉरिडोर बनाने का काम तेजी से चल रहा है; एअरपोर्ट बनाने की तैय्यारी शुरू हो गई है और चार-चार नए हेलिपैड बन ही चुके हैं, रेलवे स्टेशन से महाकालेश्वर मंदिर तक रोप-वे यात्रा के प्रबंध हो चुके हैं, उज्जैन से ओंकारेश्वर, पचमढ़ी वगैरह जाने और शहर का हवाई चक्कर लगाने की सुविधा दे दी गई है। उज्जैन मुख्य रेलवे स्टेशन, माधवनगर स्टेशन, विक्रमनगर, चिंतामण गणेश, नईखेड़ी और पिंगलेश्वर पर यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी की जा रही है, नई-नई और तेज गति वाली यात्री रेल गाडियां चलायी जा रही हैं। उज्जैन आने वाले 9-10 सड़क मार्गों का उन्नयन और व्यापक निर्माण करवाया जा रहा है; शहर के प्रायः सभी आतंरिक मार्गों को चौड़ा और खूबसूरत किया जा रहा है; चारों दिशाओं में रेलवे ट्रैक, नदियों और सड़कों पर पुल, फ्लाईओवर, एलिवेटेड ब्रिज का जाल बिछाया जा रहा है। महाकालेश्वर मंदिर और उसके-पास एक आधुनिक दुनिया बसाई जा चुकी है, सभी प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार के कार्य प्रचलित हैं। मेडीसिटी और विक्रम उद्योगपुरी जैसी महान सौगातें मिल चुकी हैं। 9 माले का प्रशासनिक भवन, विशालकाय सिंहस्थ कार्यालय भवन और 50 कमरों वाला आलिशान सर्किट हाउस निमार्णाधीन हैं, यूनिटी मॉल, महाकालेश्वर भक्त निवास का निर्माण कार्य जल्द-ही पूरा होने की उम्मीद है।

**किस-के पास है इतनी लिक्विडिटी-** अब बताइये, हजारों-करोड़ों रुपए की तरलता उज्जैन जैसे कथित बड़े गांव को मिल रही है, लाखों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से काम-धंधा-रोजगार-नौकरी मिल रहे हैं, शहर के व्यापार-व्यवसाय को पंख लग चुके हैं माया सबको नचा रही है और हरेक महाकालवासी स्वर्णिम युग में प्रविष्ट हो चुका है, बावजूद इसके भाई लोग चिल्लपों मचाये हुए हैं! वो जाने क्यों धृतराष्ट्र बनने को मजबूर हुए हैं? बिना पसीना बहाए और अपने ढिकां से दमड़ी ढीली किए बल्ले-बल्ले हो रही है और ये जनाबेवालां कभी कोप भवन में चले जाते हैं और कभी विधवा विलाप करने लग जाते हैं।

**तांत्रिक अनुष्ठान करवा लो रे-** इन दिनों मोक्ष नगरी उज्जैन के समस्त शमशान स्थलों तक पहुंचने के रास्ते गजब ढा रहे हों, लेकिन पीरों, नाथों, योगियों, भोगियों वगैरह की पौ-बारह है! भले-ही मकानों, दुकानों, प्रतिष्ठानों के पके-पकाए सौदे पिट रहे हों, तांत्रिक क्रियाएं खूब दम मार रही हैं! खुद, ट्रिपल इंजन वाले ये तथ्य अच्छे से जानते और समझते हैं! फिर भी, इनको सत्ताएं पच नहीं रहीं! एक-दो दिन नहीं गुजरते, बयानवीर बनकर कुनबे के मुख पर कालिख पोतते रहते हैं! कभी पार्लियामेंट में, कभी असेंबली में, कभी खतो-किताबत के जरिये अथवा हाई कमांड के कान-भर कर ये अपनी-ही पार्टी की सत्ताओं के सामने चुनौती पेश करते रहते हैं! यही कारण है कि एम.वाय. को हमेशा इन सवालों से जूझना पड़ता है कि आपके साथ तो अपने-ही क्षेत्र के माननीय लोग नहीं होते, तो क्या इन्दौरी, भोपाली, चम्बलवाले, बुंदेलखंडवाले, महाकौशलवाले, बघेलखंडवाले और इन्द्रप्रस्थवाले और नागपुरवाले खाक साथ निभायेंगे?

**मरे से खून निकालने की चाह-** स्वतंत्रता काल में हुई हर किस्म की क्रांति का श्रेय लेने वाली पार्टी ने तो मानों मौत को ही गले लगा लिया है! ढर्रा ऊपर से ही बिगड़ा है, सो नीचे तक स्खलन होने में टाइम लग रह रहा है! बहरहाल, उज्जैन के कारिंदे तो कमाल के हैं: साल-दर-साल, चुनाव-दर-चुनाव अपने ही गिरेबान को ताकने और फाड़ने में लगे रहे हैं! सत्तावालों के क्या कहर ढाया, इन बेटों को कोई फर्क नहीं पड़ता, पर रैंक और फाइल वाले का तो सवा-सत्यानाश करना ही है! 2022 का लोकल चुनाव देख लें, 2023 का राज्य का निर्वाचन देख लें, 2024 का आम चुनाव देख लें: कर्णधारों ने एक-दूसरे को जमकर धोया! संगठन चुनाव में तक कपड़े फाड़ दिए! पोस्टर, बैनर, होर्डिंग, लैटर-पैड, डेलीगेशन, लेट नाईट पार्टी में सिद्धस्थ लोगों ने जिस तरह प्रभावशाली सत्तावादियों के साथ लिव-इन-रिलेशनशिप कायम की हुई है उससे रागा, खड्गे इत्यादि अनजान बने हुए हों, कंठाल-दौलतगंज-मालीपुरा-देवासगेट-फ्रीगंज-दमदमा-पंवासा-महानंदानगर-महाश्वेतानगर-नागझिरी-नरवर-पन्थपिपलई-रामवासा-हासामपुरा-बेगमबाग-कार्तिक चौक-नीलगंगा-सिन्धी कॉलोनी-कोठी रोड-ऋषि नगर-सेठी नगर के लोगों ने तो सबको नग्नावस्था में देख-ही रखा है! लोग डिफेंडर, इंनोवा, थार में घूम रहे हैं, लाखों का स्वर्ण आभूषण धारण किए हुए हैं, विदेश यात्राएं कर रहे हैं...असल में तो भाजपा के असंतुष्टों को इन महारथियों से प्रेरणा लेना चाहिए और येन-केन-प्रकारेण सत्ता में काबिज हो गए बरखुर्दारों को तमाम रंगों से आच्छादित अपनी वेन में अपने-ही परिजनों को दूर-दूर की यात्राएं करवाना चाहिए।

**मीठों से सावधान-** मोटे तौर पर अहम प्रशासनिक पदों पर वो चेहरे जमाये जा चुके हैं, जिन्होंने पिछले एक-डेढ़ दशक से उज्जैन शहर, जिले, संभाग और इंदौर की भरपूर मलाई खाई! इन्हें सिंहस्थ महापर्व-2028 के रगड़े छानने के लिए वापस लाया गया है, कुछ और भी महाशय निकट भविष्य में आमद दे सकते हैं! अब ये सब बाबू इतने पारंगत हो चुके हैं कि सार्वजनिक क्षेत्र में सक्रिय हर ब्रो की कुंडली से बावस्ता हैं! पूर्व की पोस्टिंग में ये सरकारी दामाद बड़े फ्रेंडली हुआ करते थे, जनता के! अब ये लोड नहीं लेते! हुक्म का पालन करते हैं! इनसे इनके दफ्तरों में मिलने के लिए तांत्रिकों का सहारा लेना पड़ता है: मोबाइल पर रिस्पांस, तो मानों दिवा-स्वप्न वाली बात है!

**आर-की-पार-** मीडिया बिरादरी के सुख-चैन, ऐशो-आराम की तो कल्पना ही मत करना! 1970 के दशक के बाद उज्जैन फिर से सूबे का नेतृत्व कर रहा है। हर आम बाशिंदा हलकान है, पर हम गर्वोक्तियों में डूब रहे! घर में फाके मचे हैं, हम सिंहस्थ@2028 को सफल बनाने के प्रदर्शन कर रहे! आपसी रिश्तों-नातों को दरकिनार कर धिक्कारित सज्जनों के पांव छू रहे हैं! बरसों-बरस से पत्रकारीय कर्तव्यों में लीन लोगों की चिता सजाने में संलग्न लोग ही तो रंगपंचमी सेलिब्रेट करने के हकदार हैं।

उज्जैन
सोमवार
09
मार्च, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

यान्ति न्यायप्रवृत्तस्य तिर्यंचों अपि सहायताम्।
अपन्थानं तु गच्छन्तं सोदरोपि विमुञ्चति।।

**अर्थः** जो धर्म और न्याय के मार्ग पर चलता है, उसे संसार के सब प्राणी सहायता करते हैं। जबकि जो अन्याय के मार्ग पर चलता है उसका भी उसका सच्चा भाई त्याग देता है।

## खबर एक नजर...

### 4 माह से नलों में आ रहा नर्मदा का गंदा पानी

**इंदौर।** स्कीम-140 में आने वाली नूपुरश्री रेसीडेंसी कॉलोनी में रहवासी साफ पानी के लिए तरस गए हैं। चार महीने से नर्मदा की पाइप लाइन में गंदा पानी आ रहा है। रविवार को समस्या तब और बढ़ गई जब चोक पड़े ड्रेनेज के चैंबर्स से गंदा पानी रिसकर घरों में जमीन के भीतर बने वाटर टैंक तक पहुंच गया। रहवासियों ने 400-500 रुपए में टैंकर बुलाकर टंकियों में पानी भरवाया था। इसमें भी ड्रेनेज का पानी पहुंच गया। वाटर टैंक का पानी इतना बदबूदार हो गया कि उसका अन्य कार्यों के लिए भी उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। नाराज रहवासी जोन कार्यालय पहुंचे। जोनल अधिकारी से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। रहवासी चक्रेश जैन के मुताबिक वार्ड 50 में आने वाली इस कॉलोनी में नर्मदा का पानी चार महीने से गंदा आ रहा है। नर्मदा का पानी इतना गंदा आता है कि लोग नल खोलते ही नहीं हैं। हर तीन-चार दिन में लोग टैंकर बुलाकर पानी की व्यवस्था कर रहे हैं।

### डीएवीवी परिसर के उप डाकघर को बनाया जेन-जी पोस्ट ऑफिस

**इंदौर।** डाक विभाग की सेवाएं युवाओं की पसंद के अनुरूप बनाने के लिए देवी अहिल्या विश्वविद्यालय तक्षशिला परिसर खंडवा रोड स्थित उप डाकघर को जेन-जी पोस्ट ऑफिस बनाया जा रहा है। इसका उद्घाटन सोमवार को दोपहर 3 बजे होगा। मुख्य अतिथि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राकेश सिंघई होंगे। अध्यक्षता पोस्ट मास्टर जनरल प्रीति अग्रवाल करेंगी। प्रवर अधीक्षक शिवांशु कुमार ने बताया मध्यप्रदेश में आईआईएम इंदौर उप डाकघर एवं मैनिट भोपाल उप डाकघर के बाद अब तक्षशिला परिसर उप डाकघर को आधुनिक स्वरूप देते हुए जेन-जी पोस्ट ऑफिस के रूप में तब्दील कर यहां ग्राहकों के लिए बेहतर काउंटर व्यवस्था, विभिन्न सुविधाएं एवं युवा पीढ़ी को आकर्षित करने वाले नवाचारों को शामिल किया गया है।

### गोल्ड ज्वेलरी योजना का 61 लाख का सोना लेकर महिला गायब

**इंदौर।** तुकोगंज थाना क्षेत्र स्थित एक ज्वेलरी कंपनी में काम करने वाली महिला गोल्ड ज्वेलरी योजना का 61 लाख रुपए का सोना लेकर गायब हो गई। मामले में कंपनी के डायरेक्टर की शिकायत पर पुलिस ने महिला के खिलाफ केस दर्ज किया है। तुकोगंज टीआई जितेंद्र यादव ने बताया सिटी सेंटर में रजत जेम्स एंड ज्वेलरीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी संचालित करने वाले रजत माहेश्वरी ने धोखाधड़ी की शिकायत की है। रजत ने बताया कि उनकी कंपनी में काम करने वाली मेघा पति आशीष राठौर निवासी भक्त प्रहलाद नगर ग्राहकों के लिए शुरू की गई गोल्ड ज्वेलरी योजना का 357.66 ग्राम गोल्ड लेकर फरार हो गई। गोल्ड की कीमत 61 लाख रुपए है। मेघा कंपनी में इनवॉइस तैयार करने का काम करती थी। उसने फोन भी बंद कर लिए हैं।

### इंदौर में पारिवारिक विवाद में महिला ने किया सुसाइड

**इंदौर।** इंदौर के कनाडिया इलाके में रहने वाली एक महिला ने सुसाइड कर लिया। बताया जाता है कि वह परिवार के लोगों से बात कर रही थी। कुछ देर बाद कमरे में चली गई और दरवाजा लगा लिया। इसके बाद उसने फांसी लगा ली। शाम को उसे फंदे पर लटके देखा गया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। कनाडिया पुलिस के मुताबिक आयुषी (33) पति अर्पित केसरे निवासी अरावली परिसर कनाडिया ने शनिवार को सुसाइड कर लिया। परिवार के लोगों ने बताया कि आयुषी को परिजनों ने फंदे पर देखा था। इसके बाद उसे नजदीक के अस्पताल लेकर पहुंचे। आयुषी के परिजनो ने बताया कि वह शनिवार का हाल में बैठकर सास ससुर से बात कर रही थी।

## रंगपंचमी पर फीका पड़ा सियासी रंग, नेताओं के बिना निकली गेर

# इंदौर में इस बार नहीं दिखी समर्थकों की भारी भीड़

**ब्रह्मास्त्र** ›› इंदौर



इंदौर में रंगपंचमी पर निकलने वाली पारंपरिक गेर इस बार कई मायनों में अलग नजर आई। आयोजन में इस बार राजनीतिक मौजूदगी बेहद कम रही और अधिकांश गेर गैर-राजनीतिक स्वरूप में दिखाई दीं।

पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मणसिंह गौड़ द्वारा दो दशक पहले शुरू की गई फाग यात्रा उनके निधन के बाद अब परिवार द्वारा निकाली जा रही है। इस गेर में कुछ हद तक राजनीतिक स्वरूप देखने को मिला, जबकि बाकी प्रमुख गेर इस बार राजनीतिक रंग से लगभग दूर रहीं।

**सीएम समेत कई जनप्रतिनिधि गेर में नहीं पहुंचे-** पिछले साल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति से गेर को राजनीतिक स्वरूप मिला था। इसके अलावा मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और उनके समर्थक भी हर साल बड़ी संख्या में शामिल होते रहे हैं। इस बार वे गेर में नजर नहीं आए। विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति भी चर्चा में रही।

**मेयर ने पहले ही किया था शामिल न होने का ऐलान-** मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने भागीरथपुरा कांड के शोक के कारण होली और रंगपंचमी नहीं मनाने और गेर में शामिल न होने की घोषणा पहले ही कर दी थी। हालांकि नगर निगम की पारंपरिक गेर निकाली गई, लेकिन उसमें भी प्रमुख राजनीतिक चेहरे नहीं दिखे।

### रसिया गेर नहीं निकलने से बदला माहौल



हर साल निकलने वाली रसिया गेर इस बार नहीं निकली। इससे आयोजन की गति और स्वरूप पर भी असर देखने को मिला। इस बार गेर देर से शुरू होने के बावजूद अपेक्षाकृत जल्दी समाप्त हो गई। शहरवासियों के बीच इस बार की गेर को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आई। कुछ लोगों ने इसे पारंपरिक और शांत स्वरूप की ओर वापसी बताया और कहा कि इससे उत्सव का रंग और गहरा हुआ तो कुछ ने राजनीतिक उपस्थिति की कमी को आयोजन की चमक में कमी के रूप में देखा।

- **निगम गेर में स्क्रैप से बना हाथी आकर्षण-** नगर निगम द्वारा निकाली गई गेर में स्क्रैप के सामान से हाथी तैयार किया गया। टायर, ट्यूब और लोहे के टुकड़ों से बने इस हाथी से दोनों ओर करीब 100 फीट तक रंग फेंका जा रहा था। इसके अलावा टैंकर और मिसाइल जैसे संरचनाएं भी स्क्रैप से बनाई गई थीं, जो करीब 150 फीट तक रंग फेंक रही थीं।
- **गेर के बाद 100 टन कचरा उठाया-** नगर निगम ने गेर समाप्त होने के तुरंत बाद सफाई अभियान चलाया। इस दौरान 21 डंपर के जरिए 100 टन से अधिक कचरा उठाया गया।

## चाकू-तलवार लेकर नाचे युवक, अपलोड किया वीडियो

# खुलेआम किया हथियारों का प्रदर्शन

**ब्रह्मास्त्र** ›› इंदौर

इंदौर के बाणगंगा में रहने वाले तीन युवकों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में युवक तलवार और चाकू के साथ नाचते नजर आ रहे हैं। क्राइम ब्रांच और बाणगंगा थाने की पुलिस अब हथियार लहराकर नाचने वालों की जानकारी जुटा रही है।

बाणगंगा इलाके के गोविंद नगर खारचा के युवकों का यह वीडियो बताया जा रहा है। वीडियो में अतुल ठाकुर और उसके दो साथी गाने पर नाच रहे हैं। इसमें अतुल और उसके दोनों साथियों के हाथ में तलवार और चाकू हैं। उन्होंने इसे इंस्टाग्राम आईडी पर अपलोड किया है। आरोपी खुलेआम हथियारों का प्रदर्शन करते नजर आ रहे हैं।




क्राइम ब्रांच को वीडियो की जानकारी मिल गई है। इस मामले में एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया हथियार लहराने वाले युवकों की जानकारी निकलवा रहे हैं।

कुछ दिन पहले मूसाखेड़ी में रहने वाले दो बदमाशों ने जिला जेल के बाहर से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड किए थे। जेल अफसरों की शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों से उठक-बैठक लगवाई थी। वहीं उन पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया था। दोनों के अकाउंट से वीडियो भी डिलीट कराए गए थे। इसके पहले क्राइम ब्रांच आकाश बकरी, भय्यू सुरीला और सलमान लाला जैसे बदमाशों के अकाउंट से इस तरह के वीडियो हटवा चुकी है। वहीं उन पर पहले भी कार्रवाई की जा चुकी है। कुछ दिन पहले भाजयुमो के नगर अध्यक्ष सौगाम मिश्रा और युवा मोर्चा से जुड़े एक अन्य युवक के शादी कार्यक्रम में हथियारों के साथ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। लेकिन हीरानगर और तेजाजी नगर पुलिस ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। उन्हें कार्रवाई के लिए नोटिस भी भेजे गए, लेकिन उसका जवाब भी नहीं आया।

# 12वीं के छात्र ने किया सुसाइड

**ब्रह्मास्त्र** ›› इंदौर

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल के हायर सेकंडरी का फिजिक्स और केमिस्ट्री का पेपर बिगड़ने से दुखी छात्र ने सुसाइड कर लिया। वह शनिवार को अपने कमरे में फंदे पर लटका हुआ मिला। उसने कोई सुसाइड नोट भी नहीं छोड़ा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। छात्र का सोमवार को मेथ्स का पेपर था।

लसूड़िया पुलिस के मुताबिक ओमेक्स सिटी में रहने वाले 17 साल के छात्र नचिकेत पुत्र राजेश कामदार ने शनिवार को अपने कमरे में फांसी लगा ली। उसके फिजिक्स और केमिस्ट्री के पेपर बिगड़ गए थे। यह बात उसने अपने पिता राजेश को बताई थी और उन्होंने समझाया भी था कि तनाव लेने की जरूरत नहीं है। पेपर बिगड़ने के बाद से तनाव में रह रहा नचिकेत दो दिन से कमरे से बाहर नहीं निकला था। उसने बताया था कि वह अगले पेपर की तैयारी कर रहा है। शनिवार को उसके छोटे भाई ने उसे फंदे पर लटका देखा। परिजनों ने बताया कि वह पढ़ाई में होशियार था पर उसके दो पेपर बिगड़ गए थे, जिससे वह परेशान हो गया था। नचिकेत निजी कोचिंग में भी पढ़ाई कर रहा था। पोस्ट मार्टम के बाद पुलिस ने छात्र का शव उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और वे शव लेकर सलकनपुर के लिए रवाना हो गए हैं।

## इंदौर में रंग लगाने की बात पर विवादः दो पक्ष आपस में भिड़े

# दो युवकों पर चाकू-पत्थरों से हमला, 4 पर केस दर्ज

**ब्रह्मास्त्र** ›› इंदौर

इंदौर के एरोड्रम थाना क्षेत्र में रंग लगाने की बात को लेकर रविवार को दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष के लोग घर से चाकू ले आए और दो युवकों पर चाकू और पत्थरों से हमला कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस के अनुसार नगीन नगर निवासी सोहन तरेटिया और सोनू की शिकायत पर शुभम पुत्र अमरसिंह, उसकी पत्नी रितिका, दोस्त देवेंद्र विश्वकर्मा और अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। बताया गया है कि रंगपंचमी के दौरान रंग लगाने की बात पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई थी। कुछ ही देर में विवाद बढ़ गया। आरोप है कि इसके बाद आरोपी पक्ष के लोग घर से हथियार लेकर आए और सड़क पर ही दोनों युवकों के साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।



**पुलिसकर्मी पर अभद्रता का आरोप-** पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में एक शराबी युवक की शिकायत लेकर रविवार रात थाने पहुंचीं महिलाओं ने पुलिसकर्मी पर ही अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। महिलाओं ने कहा कि आरोपी व्यक्ति क्षेत्र में आए दिन शराब पीकर छेड़छाड़ और अभद्रता करता है, लेकिन उस पर कार्रवाई नहीं की जाती। जानकारी के अनुसार छत्रीबाग स्थित जगदीश मंदिर के पास रहने वाली मंजू, सुनीता, पूजा सहित अन्य महिलाएं संदीप दुबे नाम के व्यक्ति की शिकायत लेकर पंढरीनाथ थाने पहुंची थीं। महिलाओं का आरोप है कि दुबे शराब के नशे में अक्सर क्षेत्र में हंगामा करता है और महिलाओं से छेड़छाड़ व अभद्रता करता है।

**आरोप-आरोपी पुलिसकर्मियों का परिचित-** महिलाओं का कहना है कि थाने में मौजूद पुलिसकर्मी सुल्तान ने उनकी बात सुनने के बजाय उनके साथ ही अभद्र व्यवहार करना शुरू कर दिया। काफी देर बाद पुलिसकर्मी ने महिलाओं का आवेदन लेकर उन्हें थाने से रवाना कर दिया।

## खबर एक नजर...

### निःशुल्क अंग पाकर खिले जरूरतमंदों के चेहरे, संगठन का माना आभार

**उज्जैन।** भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित तीन दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर के दूसरे दिन विशेष रूप से दिव्यांग मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर में देश और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए जरूरतमंद दिव्यांगों को निःशुल्क अंग आदि वितरित किए गए। इन्हें प्राप्त कर लाभान्वित लोगों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए संगठन का आभार व्यक्त किया। शिविर संयोजक पराग काबरा और भगवान शर्मा के अनुसार, दूसरे दिन शिविर का अवलोकन करने के लिए कई विशिष्ट अतिथि पधारे। इनमें भाजपा युवा मोर्चा की पूर्व राष्ट्रीय मंत्री ध्वनि शर्मा, कुक्षी जिले की पटवारी, इंदौर बीएम ग्रुप के डायरेक्टर व समाजसेवी मनीष पटेल और भारत विकास परिषद के रीजनल अधिकारी सुनील सिंहल शामिल रहे। अतिथियों ने शिविर का जायजा लिया और इस आयोजन को सच्ची मानव सेवा करार दिया। इस पूरे आयोजन में दिव्यांग बंधुओं के रहने, भोजन और निःशुल्क अंग वितरण की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने में व्यापक जनभागीदारी देखने को मिली। इस पुनीत कार्य में भगवान महावीर सेवा समिति के ओम शर्मा सहित भीलवाड़ा से पधारे कैलाश बलदेवा, सरोज यादव, खेमजी भाई चंदन, मोहन हिंगोल, मनीषा गर्ग, जया परिहार, रवींद्र शाह, चिराग शाह, अदिति साबू, कैलाश वेद, सुनील श्याम माहेश्वरी, अभिषेक गोयल, डॉ. अविनाश बुंदीवाल, डॉ. स्वप्निल पेंढारकर, संजय अग्रवाल, रुद्रेश शर्मा और दिनेश महाजन आदि का विशेष सहयोग रहा।

### मधुमेह जांच शिविर में 37 की जांच, मिले 6 नए मरीज

**उज्जैन।** लायंस क्लब उज्जैन कपल द्वारा मधुमेह जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 37 व्यक्तियों की मधुमेह जांच की गई, जिनमें 6 नए मरीज सामने आए। आरजी पाठक और लायंस ऑफ उज्जैन के समन्वयक नरेंद्र खंडेलवाल के आतिथ्य में आयोजित शिविर डॉ. राहुल नागर के क्लिनिक पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत क्लब अध्यक्ष वंदना एस अग्रवाल और सचिव रेखा अग्रवाल ने किया।

### हाथ ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी संघ ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

# महिला दिवस पर पथ विक्रेताओं का नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन, सहायक आयुक्त का पुतला फूंका

### भाजपा नेत्री वर्षा कछवाय और पार्षद लीला वर्मा का किया सम्मान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध हाथ ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी संघ महाकाल ने रविवार को बाल हनुमान मंदिर, नरसिंह घाट चौराहे पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। इस अवसर पर महिलाओं ने अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करते हुए धरना स्थल पर कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी नगर जिला मंत्री वर्षा कछवाय और वार्ड क्रमांक 33 की पार्षद लीला हुकमचंद वर्मा का सम्मान किया गया।

आयोजन के दौरान महिलाओं ने नगर निगम की कार्यप्रणाली और अधिकारियों की तानाशाही के खिलाफ भारी आक्रोश व्यक्त किया। महिलाओं ने 6 फरवरी को उनके साथ हुई मारपीट के मामले में मोनू थनवार, आनंद भेरवे सहित पांच अन्य कर्मचारियों पर कार्रवाई में हो रहे विलंब का कड़ा विरोध किया। इसके साथ ही, 5 मार्च की रात 11 बजे क्षेत्रीय पार्षद द्वारा जनता के लिए बनवाए गए सुविधा केंद्र को सहायक आयुक्त प्रदीप सेन, दीपक शर्मा, जितेंद्र रावत और मनीष बाली द्वारा निगम गैंग के साथ मिलकर तोड़े जाने की घटना पर भी रोष जताया। महिलाओं का आरोप है कि बिना पूर्व सूचना के रात के समय पार्षद लीला हुकमचंद वर्मा के साथ दुर्व्यवहार किया गया। इस मनमानी के विरोध में महिलाओं ने धरना स्थल पर सहायक आयुक्त प्रदीप सेन का पुतला जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया। पथ विक्रेता महिलाओं का आरोप है कि नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा पथ विक्रेता कानून 2014 का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। टीवीसी कमेटी के चुनाव अब तक नहीं हुए हैं, जब्त सामान नियमानुसार दो दिन में वापस नहीं किया जा रहा है और टीवीसी कमेटी की सिफारिश के बिना ही लगातार अतिक्रमण की कार्रवाई की जा रही है। संघ ने पुलिस और प्रशासन से मांग की है कि महिलाओं के साथ अभद्रता करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को तत्काल निलंबित किया जाए। पुलिस द्वारा अब तक केवल जांच का आश्वासन दिया गया है, जबकि संघ की मांग है कि कोतवाली थाने में मोनू थनवार, आनंद भेरवे व अन्य पांच आरोपियों पर और महाकाल थाने में पार्षद लीला वर्मा के साथ हुए दुर्व्यवहार के मामले में तुरंत प्रकरण दर्ज किया जाए। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो दुर्व्यवहार करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। मंजू सिंह चौहान द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम का सफल संचालन आकांक्षा चौहान ने किया और आभार मीना प्रजापत ने माना। इस अवसर पर हाथ ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी संघ की महिला विंग से मंजू सिंह चौहान, सुमित्रा सिंह चौहान, माया जाट, पूजा ठाकुर, रानू कहार, माधुरी बैरागी, ममता चौहान, मीना प्रजापत, मधु लोधी, जयदेवी लोधी, आरती पांचाल, मधु पांचाल, रूखा कहार, रामकुंवर कहार, पुनी कहार, काला बाई गेहलोत, किरण ठाकुर और किरण मेहरा सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।



# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में माय भारत और खेल विभाग का संयुक्त आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

8 मार्च को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में उज्जैन में भारत सरकार की पहल अस्मिता यानी अचीविंग स्पोर्ट्स माइलस्टोन बाय इंस्पायरिंग वुमन थ्रू एक्शन के अंतर्गत एक भव्य खेल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। माय भारत उज्जैन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन आज 9 मार्च को दोपहर 3 बजे से नानाखेड़ा स्थित राजमाता विजयाराजे सिंधिया स्टेडियम में होगा।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और उन्हें शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इनमें 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर की प्रतिस्पर्धी दौड़ के साथ ही मनोरंजक गतिविधियों के रूप में रस्साकशी और अन्य मजेदार दौड़ शामिल रहेंगी।

इस खेल उत्सव में 13 वर्ष से कम, 13 से 18 वर्ष और 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की सभी महिलाएं भाग ले सकती हैं। इच्छुक महिला प्रतिभागी एनएसआरएस पोर्टल पर अपना आधार प्रमाणित कर पंजीयन करा सकती हैं। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को पदक और सभी प्रतिभागियों को डिजिटल प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। माय भारत उज्जैन के जिला युवा अधिकारी ने जिले की सभी बालिकाओं, छात्राओं और महिलाओं से इस खेल उत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लेने और फिट इंडिया के सपने को साकार करने की अपील की है।

# झाबुआ के युवाओं ने जानी मालवा की संस्कृति, मेरा युवा भारत के 5 दिवसीय शिविर का समापन

### अंतरजिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत 37 युवाओं का दल पहुँचा था उज्जैन, सांसद के साथ की चाय पर चर्चा



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

भारत सरकार के उपक्रम मेरा युवा भारत के अंतर्गत अंतरजिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत उज्जैन में आयोजित 5 दिवसीय शिविर का शनिवार को समापन हो गया। इस शिविर में झाबुआ जिले से आए 37 युवाओं के दल ने भाग लिया और उज्जैन सहित पूरे मालवा क्षेत्र की संस्कृति, साहित्य, इतिहास और परंपराओं को करीब से जाना।

मेरा युवा भारत के जिला कार्यक्रम अधिकारी अभिलाष म्हसके ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं को उज्जैन जिले की सांस्कृतिक विरासत, जीवन शैली और परंपराओं से परिचित कराना था, ताकि उनमें राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और नेतृत्व क्षमता का विकास हो सके। शिविर के दौरान युवाओं के लिए बौद्धिक सत्र, योग एवं ध्यान, व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण, समूह चर्चा और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अलावा युवाओं को उज्जैन के प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण भी कराया गया, जहां उन्होंने मालवा की समृद्ध संस्कृति को समझा।

शिविर के विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञों ने युवाओं को जीवन कौशल, नेतृत्व विकास और समाज में उनकी भूमिका को लेकर मार्गदर्शन दिया। प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन भी किया। इसके साथ ही युवाओं ने उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया के साथ 'चाय पर चर्चा' कर उज्जैन के ऐतिहासिक महत्व के बारे में विस्तार से जाना।

# 19 मार्च से शुरू होगा हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083, देवगुरु बृहस्पति होंगे राजा और मंगल बनेंगे मंत्री

### 'रौद्र' संवत्सर में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होगा भारत, मध्य प्रदेश में बढ़ेंगे सिंहस्थ सहित अन्य धार्मिक आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

हिंदू पंचांग के अनुसार नए साल की शुरूआत चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है। इस वर्ष विक्रम संवत 2083 की शुरूआत 19 मार्च 2026, गुरुवार से हो रही है। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की थी। नववर्ष की शुरूआत उत्तराभाद्रपद नक्षत्र, शुक्ल योग और मीन लग्न में होगी। यह समय ज्ञान, अध्ययन, गुरु-पूजन, दान-पुण्य और जप के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। इसी दिन से चैत्र नवरात्रि का भी आरंभ होगा, जो 27 मार्च 2026 शुक्रवार तक पूरे नौ दिनों तक चलेगी।




पहले दिन 19 मार्च को घट स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 06:52 से 10:10 बजे तक रहेगा।

श्री मातंगी ज्योतिष केंद्र के ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्ण शंकर व्यास ने बताया कि नववर्ष की शुरूआत गुरुवार से होने के कारण इस वर्ष के राजा देवगुरु बृहस्पति होंगे, जो ज्ञान, धर्म, नीति और न्याय के ग्रह माने जाते हैं। वहीं, वर्ष के मंत्री मंगल ग्रह होंगे, जो ऊर्जा, साहस, संघर्ष और त्वरित निर्णय के प्रतीक हैं। राजा और मंत्री के इस संयोजन वाले इस नए संवत का नाम 'रौद्र' रखा गया है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार रौद्र संवत्सर विश्व स्तर पर कुछ चुनौतीपूर्ण रह सकता है। दुनिया भर में राजनीतिक अस्थिरता, देशों के बीच मतभेद, युद्ध जैसी स्थिति, आगजनी और दुर्घटनाओं की घटनाएं बढ़ सकती हैं। कहीं बारिश कम होने से फसलों पर असर और महंगाई बढ़ने की आशंका है, तो वहीं मंत्री मंगल के प्रभाव से प्रजा में धर्म और मंगलोत्सव के आयोजनों में वृद्धि होगी तथा अच्छी वर्षा से सुभिक्षता भी बनी रहेगी।

भारत की आजादी के समय की जन्म कुंडली और प्रधानमंत्री की पत्रिका में मंगल की महादशा चल रही है। रौद्र नाम संवत्सर के प्रभाव से भारत रक्षा क्षेत्र में अधिक मजबूत और आत्मनिर्भर होगा। किसी भी स्थान पर उसके मुखिया की कुंडली का सीधा प्रभाव पड़ता है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जन्म कुंडली में गुरु की राशि धनु है। वर्तमान वर्ष का राजा भी गुरु होने के कारण प्रदेश में आध्यात्मिक और धार्मिक आवागमन बढ़ेगा। साथ ही आगामी सिंहस्थ के भव्य धार्मिक समारोह की तैयारियां और आयोजन सराहनीय रहेंगे।

हिंदू नववर्ष केवल कैलेंडर बदलने का दिन नहीं है, बल्कि यह नए संकल्प और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है। इस अवसर पर किसान खेत से आई नई फसल जैसे गेहूं और चने को भगवान को अर्पित करते हैं। वर्ष भर अच्छी खेती के लिए हल, ट्रैक्टर और बैल सहित कृषि उपकरणों की पूजा की जाती है। किसान खेत की मिट्टी को प्रणाम कर अच्छी वर्षा की प्रार्थना करते हैं और नए कृषि कार्यों की रूपरेखा बनाते हैं। सुख-समृद्धि और विजय के स्वागत के लिए कई स्थानों पर घरों के बाहर गुड़ी भी स्थापित की जाती है।

## खबर एक नजर...

### प्रेमचंद की कथाओं में नारी चित्रण पर विमर्श और काव्य पाठ आज

**उज्जैन।** प्रेमचंद सृजनपीठ द्वारा साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद के तत्वावधान में विक्रमादित्य शोध पीठ में सोमवार, 9 मार्च को प्रातः 11 बजे से 'प्रेमचंद की कथाओं में नारी चित्रण' विषय पर विमर्श एवं कवयित्रियों के काव्य पाठ का आयोजन किया जा रहा है।

प्रेमचंद सृजनपीठ के निदेशक मुकेश जोशी ने बताया कि विमर्श सत्र की मुख्य अतिथि नगर निगम सभापति कलावती यादव होंगी और सारस्वत अतिथि आकाशवाणी उज्जैन की केंद्र निदेशक डॉ. अनामिका चक्रवर्ती रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता माधव महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह करेंगी। मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. प्रेमलता चुटैल और प्राध्यापक डॉ. प्रीति पांडे अपने विचार साझा करेंगी। इस विमर्श सत्र का संचालन डॉ. नेत्रा रावणकर करेंगी।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में काव्य पाठ होगा, जिसमें डॉ. पुष्पा चौरसिया, डॉ. नेत्रा रावणकर, प्रेमशीला श्रीवास्तव, शारदाश्री, निशा पंडित, डॉ. अनामिका सोनी, संयोगिता शर्मा, संगीता तल्लेरा, डॉ. नीता जाधव, डॉ. अभिलाषा शर्मा और नेहा दुबे अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगी। काव्य पाठ का संचालन वैशाली शुक्ला करेंगी। सृजनपीठ द्वारा आगामी दिनों में मालवी-निमाड़ी लोकभाषा कवि सम्मेलन और व्यंग्य विमर्श-पाठ का आयोजन भी किया जाएगा।

### पंवासा में धूमधाम से मना रंग पंचमी महोत्सव, 1000 से अधिक महिलाएं और बच्चे हुए शामिल



**उज्जैन।** मक्सी रोड पंवासा स्थित श्री राम विजय वाटिका में संस्था अलख उज्जैनी और कुंवर आनंद खींची मित्र मंडल के तत्वावधान में रंग पंचमी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र की महिलाओं और बच्चों के लिए रंग, गुलाल और पूल की विशेष व्यवस्था की गई।

आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए कुंवर आनंद खींची ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और कलावती यादव की प्रेरणा से यह महोत्सव आयोजित किया गया है। इसमें पंवासा क्षेत्र की लगभग एक हजार से अधिक महिलाओं और बच्चों ने सहभागिता की और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व का आनंद लिया।

रंग पंचमी के इस विशेष आयोजन में मुख्य रूप से कुंवर आनंद सिंह खींची, लोकेंद्र सिंह गोंड, जितेंद्र त्रिवेदी, दिलीप पुरोहित, लक्ष्मण चंदेल, अनिल गोंड, बबलू दरबार, परमानंद प्रजापत, बलराम गोंड, संजय पंवार, बंटी कलोडिया, सुनील बैंडवाल, रंजना राजपूत, ललिता दुर्नावत और सीमा पटेल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे।

# भारत में महिला के बिना कोई दिवस नहीं होताः कलावती यादव

### सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में नारी अलंकरण समारोह संपन्न, विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाएं सम्मानित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में सम्राट विक्रमादित्य नारी अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर निगम सभापति कलावती यादव ने अपने संबोधन में कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस भले ही एक दिन का हो, लेकिन भारत में महिला के बिना कोई दिवस पूर्ण नहीं होता। उन्होंने कहा कि महिला हमारी संस्कृति में परिवार की धुरी और उसे बांधने वाली अहम कड़ी है। समाज और परिवार में महिलाओं का सम्मान सर्वोपरि है और आज हर क्षेत्र में पुरुषों द्वारा महिलाओं को प्रोत्साहित किया जाना हर्ष का विषय है।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलगुरु अर्पण भारद्वाज ने कहा कि महिलाओं ने अपने कौशल से हर क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाई है। वे पारिवारिक उत्तरदायित्वों के साथ-साथ अपने कार्यस्थल पर भी उसी ऊर्जा और समर्पण से कार्य करती हैं। भारतीय संस्कृति के अनुरूप पुरुषों द्वारा महिलाओं का सम्मान करना गौरवशाली परंपरा है। इसी भाव के साथ इस कार्यक्रम के आयोजन का उत्तरदायित्व छात्रों और शिक्षकों को सौंपा गया।

स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम संयोजक डॉ. ज्योति उपाध्याय, अध्यक्ष समाजशास्त्र एवं समाज कार्य अध्ययनशाला ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के संघर्ष, योगदान और उपलब्धियों को सम्मान देने का अवसर है। कार्य परिषद सदस्य डॉ. मंजूषा मिमरोट ने भी महिला दिवस पर शुभकामनाएं प्रेषित कीं। बैंक ऑफ इंडिया के जोनल मैनेजर अजीत शरण ने अपने अनुभव साझा करते हुए गर्ल्स हॉस्टल में वाटर कूलर लगाने की घोषणा की। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की कड़ी में डॉ. पल्लवी लोहानी ने कथक नृत्य के माध्यम से महिलाओं की ऐतिहासिक और वर्तमान स्थिति का प्रभावी चित्रण किया। वहीं छात्रा प्रियंका नरवरिया ने लाठी प्रदर्शन और नर्मदा धाकड़ ने योग प्रदर्शन के माध्यम से नारी शक्ति का परिचय दिया।

सम्राट विक्रमादित्य नारी अलंकरण समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कला के क्षेत्र में पल्लवी लोहानी और लक्ष्मी कुशवाहा, खेल में फरहीन दहलवी, नर्मदा धाकड़, दुर्गेश नंदिनी एवं प्रियंका नरवरिया को सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में प्रोफेसर दीपिका गुप्ता, कर्णगी ठाकुर और यशी श्रीवास्तव को अलंकरण प्रदान किया गया। सामाजिक क्षेत्र के लिए डॉ. शिवी भसीन तथा प्रशासनिक क्षेत्र के लिए सुषमा संयम, पूजा इसरानी और कलावती को सम्मानित किया गया।

### उज्जैन श्मशान भूमि शोध संस्थान का आयोजन, अंतिम संस्कार में मानवीय गरिमा बनाए रखने पर जोर

# महाकाल मंदिर परिसर से विश्व को दिया 'राम नाम सत्य है' का संदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




उज्जैन श्मशान भूमि शोध संस्थान द्वारा 7 मार्च की रात 7:30 बजे सांध्य आरती के पश्चात महाकाल मंदिर परिसर में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बाबा महाकाल की अनुज्ञा से हुए इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आत्मा के सम्मान, अंतिम संस्कार की गरिमा और 'राम नाम सत्य है' के संदेश को विश्व पटल पर प्रसारित करना था।

आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए संस्था के संस्थापक रामनरेश शुक्ला ने बताया कि संस्थान ने इस विषय पर बारीकी से शोध किया है। शोध के अनुसार, मृत्यु के उपरांत समाज मृत शरीर से घृणा करने लगता है और उसे अछूत मानने लगता है। कई बार लोग अंतिम संस्कार को टालते हुए इसे सरकार का काम बताकर अपनी जिम्मेदारी से बचते हैं। इसके परिणामस्वरूप कई स्थानों पर शवों की भारी दुर्दशा होती है, जिससे मानवीय गरिमा को ठेस पहुंचती है और मृत आत्माओं के प्रति सम्मान का भाव समाप्त हो जाता है। विश्व में महाकाल को प्रिय 'राम नाम सत्य है' के संदेश और अंतिम संस्कार के सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चित्रों के माध्यम से एक प्रारूप प्रस्तुत कर विश्व को संदेश देने का प्रयास किया गया, जिसे महाकाल मंदिर के पुजारी दिनेश पुजारी द्वारा बाबा महाकाल को अर्पित किया गया।

इस अवसर पर महाकाल मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष के प्रतिनिधि को सम्मान पत्र भेंट कर अंतिम संस्कार के सम्मान का संदेश पूरे विश्व तक पहुंचाने का अनुरोध भी किया गया। संस्था का उद्देश्य है कि महाकाल की कृपा से यह संदेश समूचे विश्व तक पहुंचे, ताकि मृत्यु के बाद मानव शरीर की दुर्गति न हो और समाज प्रत्येक मृत व्यक्ति का पूर्ण विधि-विधान के साथ सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार करे।

### मीरा माधव मंदिर प्रांगण में उल्लास के साथ मना रंग पंचमी और होली मिलन समारोह

**उज्जैन।** मक्सी रोड पंवासा स्थित मीरा माधव मंदिर प्रांगण में राहुल दरबार एवं यशवंत दरबार मित्र मंडल द्वारा रंग पंचमी महोत्सव और होली मिलन समारोह का उल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय रहवासी और मित्र मंडल के सदस्य उपस्थित रहे और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं।

आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए राहुल दरबार और यशवंत दरबार ने बताया कि मित्र मंडल द्वारा वर्ष भर कई धार्मिक और सामाजिक कार्य किए जाते हैं। इसी कड़ी में इस वर्ष पहली बार आनंद सिंह खींची के मार्गदर्शन में यह रंग पंचमी महोत्सव मनाया गया है।

# मनरेगा उपयंत्रियों पर भारी पड़ रहा काम का दबाव और रुका वेतन

### 42 वर्षीय उपयंत्री सूरज मालवीय का हार्ट अटैक से निधन, तकनीकी कर्मचारियों में गहरा शोक; शासन से दखल की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मनरेगा में कार्यरत उपयंत्री सूरज मालवीय का महज 42 वर्ष की उम्र में हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो गया। उनके इस असामयिक निधन से मनरेगा से जुड़े तकनीकी कर्मचारियों और सहकर्मियों में गहरा शोक है। सूरज मालवीय को एक कर्मठ, ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ उपयंत्री के रूप में जाना जाता था, जिनका ग्रामीण विकास कार्यों के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके निधन से विभाग और परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है।

इस घटना ने मनरेगा कर्मचारियों की खराब कार्य परिस्थितियों और मानसिक तनाव को भी उजागर किया है। वर्तमान में मनरेगा के तकनीकी कर्मचारियों पर अत्यधिक कार्य दबाव और लक्ष्य आधारित प्रतिस्पर्धा है। इसके अलावा कई स्थानों पर 6 से 7 महीने से वेतन न मिलने के कारण कर्मचारी भारी मानसिक दबाव से गुजर रहे हैं। यह बेहद चिंता का विषय है कि काम के इसी दबाव और तनाव के चलते पिछले 6-7 महीनों के दौरान लगभग 10 मनरेगा उपयंत्रियों की कम उम्र में मौत हो चुकी है। इन लगातार हो रही मौतों से कर्मचारियों के बीच गहरी असुरक्षा की भावना व्याप्त है।

मनरेगा से जुड़े कर्मचारियों और संगठनों ने इस दुखद घटना पर शोक व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन से तत्काल कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि कर्मचारियों की कार्य परिस्थितियों, मानसिक दबाव और लंबित वेतन के मुद्दों पर गंभीरता से ध्यान दिया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं को रोका जा सके। सभी सहकर्मियों ने जनपद पंचायत खिलचीपुर जिला राजगढ़ में पदस्थ रहे दिवंगत सूरज मालवीय को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में संबल देने की प्रार्थना की है।

# विकास के खिलाफ आंदोलन कर हंसी का पात्र बन रही कांग्रेसः सुरेंद्र सांखला

### भाजपा नेता ने नगर निगम के बाहर कांग्रेस के प्रदर्शन को बताया नौटंकी, कहा- 2004 से पहले शहर का विकास शून्य था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सांखला ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया है। उज्जैन नगर निगम द्वार पर कांग्रेस द्वारा विकास के खिलाफ किए जा रहे आंदोलन को उन्होंने हंसी का पात्र बताया है। सांखला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस दो मुंहे सांप की तरह रेंग रही है और उज्जैन में चल रही विकास योजनाओं को देखकर रो रही है। नगर निगम के बाहर आंदोलन करने का निर्णय उनकी इसी मानसिकता का परिचय है।

सांखला ने कहा कि 2004 के पहले कांग्रेस के समय पूरे शहर में विकास शून्य था। तब भाजपा ने भोपाल जाकर दिग्विजय सिंह सरकार को विकास के लिए घेरा था। अब जब दुनिया के सबसे बड़े महाकुंभ और उसकी तैयारी के लिए मंदिरों, कुंभ मेला क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र का चौड़ीकरण मास्टर प्लान के अनुरूप किया जा रहा है और आम नागरिक उसमें अपना सहयोग कर रहे हैं, तब कांग्रेस अपनी नौटंकी कर रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस विकास पुरुष मुख्यमंत्री को पचा नहीं पा रही है। जो पार्टी कभी विकास के लिए आगे नहीं आई, वह अब विकास के खिलाफ जाकर जनसमर्थन जुटाने का प्रयास कर रही है। सांखला ने स्पष्ट किया कि लोकतंत्र में सबको अपना विचार रखने का अधिकार है, लेकिन उसकी भी अपनी मयार्दा है और कार्यक्रम ऐसे होने चाहिए जिनमें लोकहित हो सके। कांग्रेस को विकास के लिए आंदोलन करना चाहिए था, लेकिन इसके विपरीत विकास के खिलाफ जाकर वह हंसी का पात्र बन रही है और उनकी यह सोच पार्टी की डूबती नैया को और गर्त में ले जाएगी।

### दिन में छाई रंगों की मस्ती शाम को आतिशबाजी में बदली

**उज्जैन।** धार्मिक नगरी में सुबह से छाई मस्ती शाम को आतिशबाजी में बदल गई। मौका था भारत के टी 20 विश्व विजेता बनने का। सुबह से दोपहर तक टावर चौक पर उड़ता रहा वही शाम को आतिशबाजी के साथ तिरंगा लहरा उठा। रंगपंचमी के साथ रविवार को टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल का इंतजार भी देशवासियों के साथ शहर वासियों को था। फाइनल मुकाबले में भारत के सामने न्यूजीलैंड की टीम थी। शाम 7 बजे वर्ल्ड कप का फाइनल शुरू होने के आधे घंटे बाद ही भारत के विश्व विजेता बनने की उम्मीद परवान चढ़ने लगी थी। 20 ओवर का खेल पूरा होने पर क्रिकेट प्रेमियों के साथ ही शहरवासियो ने जश्न मनाने की तैयारी शुरू कर दी थी। जैसे ही 11 बजे और भारत की टीम 96 रनों से विश्व विजेता बनी धार्मिक नगरी की सड़कों पर युवा तिरंगा लेकर निकल पड़े। टावर चौक पर जश्न शुरू हुआ और आसमान आतिशबाजी से रंग दिखाई देने लगा।

## खबर एक नजर...

### पत्थर पर 12 ज्योतिर्लिंग की सूक्ष्म पेंटिंग बनाकर सुमाक्षी चौहान ने द वर्ल्ड वाइड बुक्स ऑफ रिकॉर्ड मैं नाम दर्ज किया

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश के गुना जिले की प्रतिभाशाली कलाकार सुमाक्षी चौहान ने अपनी अनूठी कला से द वर्ल्ड वाइड बुक्स ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराकर रिकॉर्ड बनाया हैं उन्होंने एक छोटे से पत्थर पर भगवान के 12 ज्योतिलिंगों की अत्यंत सूक्ष्म और आकर्षक पेंटिंग तैयार की है। उन्होंने डॉ. अभिषेक सिंह तोमर क्षिप्रा फाइन आर्ट्स कॉलेज के मार्गदर्शन मैं उक्त उपलब्धि हासिल की हं इस अद्भुत कलाकृति को बनाने में सुमाक्षी चौहान को लगभग 20 मिनट का समय लगा। इस पेंटिंग की खास बात यह है कि इसमें बनाए गए एक ज्योतिर्लिंग का आकार मात्र लगभग 4 मि.मी. है, जिसे इतनी बारीकी से बनाया गया है कि इसे ध्यान से देखने पर ही उसकी सूक्ष्मता समझ में आती है।

सुमाक्षी चौहान ने बताया कि उन्हें बचपन से ही ड्राइंग और पेंटिंग का विशेष शौक रहा है और निरंतर अभ्यास व मेहनत के कारण उन्होंने इस अनोखी कला को साकार किया। उनकी यह कृति कला के प्रति समर्पण और धैर्य का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस उपलब्धि से गुना जिला और उज्जैन नगर दोनों का नाम गौरवान्वित हुआ है। सुमाक्षी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और शुभचिंतकों को दिया है, जिनके मार्गदर्शन और आशीर्वाद से यह संभव हो पाया।

### अर्जी वाले हनुमान के साथ भक्तों ने फूलों और गुलाल से खेली होली

**उज्जैन।** महाकुंभ मेला क्षेत्र, मोहनपुरा स्थित श्री अर्जी वाले हनुमान मंदिर में रंग पंचमी का पावन कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। निरंजनी अखाड़े के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद पुरी जी महाराज के पावन सानिध्य में प्रातः 9 बजे से आयोजित इस उत्सव में भक्तों ने भगवान के साथ फूलों और गुलाल से होली खेली। इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं ने अपनी-अपनी मनोकामना की अर्जी भी लगाई। रंग पंचमी के इस विशेष अवसर पर मंदिर में प्रसादी का भी वितरण किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने सपरिवार पधारकर जलेबी, पोहा, आलू बड़ा, पकोड़ी और हलवे का आनंद लिया। आयोजन के दौरान महिलाओं ने एक प्रेरणादायक निर्णय लिया। उपस्थित महिलाओं ने संकल्प लिया कि वे अब से अपनी किटी पार्टी का आयोजन अन्य व्यावसायिक स्थानों के बजाय श्री अर्जी वाले हनुमान मंदिर परिसर में ही करेंगी, ताकि धार्मिक वातावरण में सामाजिक जुड़ाव बना रहे।

इस भव्य उत्सव में मंदिर समिति की अध्यक्ष महामंडलेश्वर गुरु मां आनंदमयी, सावित्री महंत, शिवानी पाटीदार, पूजा यादव, सीमा जाट, योगेश जोशी, प्राणेश शुक्ला, टीना झाला, पंकज जायसवाल, रोहित पंडित और नीलेश पांचाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

'ड्राइव विद पर्पस' में 130 कारों के साथ सड़कों पर उतरीं 200 से अधिक महिलाएं

# कैंसर और थैलेसीमिया जागरूकता के लिए जीतो लेडीज विंग ने निकाली कार रैली

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जीतो लेडीज विंग उज्जैन द्वारा समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से ड्राइव विद पर्पस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रेरणादायक आयोजन में 200 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और लगभग 130 कारों के माध्यम से शहर के प्रमुख मार्गो पर जागरूकता रैली निकाली।

इस रैली का मुख्य उद्देश्य समाज को कैंसर एवं थैलेसीमिया जैसी बीमारियों के प्रति सचेत करना तथा समय पर जांच और उपचार का संदेश देना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलावती यादव, डॉ. सतिंदर कौर सलूजा, डॉ. आकांक्षा यादव, डॉ. जूही भटनागर, डॉ. अंशु घोष और ओम जैन सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया, जिसके बाद कारों का काफिला स्वास्थ्य एवं सामाजिक जिम्मेदारी के संदेश के साथ शहर में निकला।

रैली के समापन पर आयोजित जागरूकता सत्र में डॉ. सतिंदर कौर सलूजा, डॉ. जूही भटनागर और डॉ. अंशु घोष ने महिलाओं को कैंसर और थैलेसीमिया से बचाव, नियमित जांच और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के महत्वपूर्ण तकनीकी सुझाव दिए।

आयोजन की सफलता पर जीतो लेडीज विंग उज्जैन की चेयरपर्सन मंजू सूर्या ने सभी अतिथियों, चिकित्सकों और सहभागी महिलाओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम अनिवार्य हैं और भविष्य में भी संस्था द्वारा सामाजिक सरोकार से जुड़े ऐसे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

### अजाक्स की हुई बैठक अंबेडकर जयंती पखवाड़े की रूपरेखा तय

**उज्जैन।** कोठी पैलेस स्थित अजाक्स कार्यालय में अजाक्स जिला उज्जैन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत जिला अध्यक्ष डॉ. आर.एल. परमार के नेतृत्व में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई। जिला मीडिया प्रभारी डी.एल. भीलवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में आगामी 1 अप्रैल से 14 अप्रैल 2026 तक बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव पखवाड़े को मनाने हेतु विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। इस दौरान उज्जैन जिले के घटिया, बड़नगर, नरवर, तराना, माकड़ोन, महिदपुर, झारड़ा, खाचरोद, नागदा एवं उन्हेल क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रथयात्रा स्वागत सम्मान किया जाएगा तथा विचार रखे जावेगा बैठक में यह भी तय किया गया है कि 11 अप्रैल 2026 को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर महात्मा फुले चौराहा इंदिरा नगर से टावर चौक तक चल समारोह निकाला जाएगा तथा भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी सहभागिता की जाएगी।

# उज्जैन में मंदिर से निकला ध्वज चल समारोह





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन में रंगपंचमी के अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगवान महाकालेश्वर के दर्शन किए। सुबह उन्होंने वीरभद्र जी और महाकाल ध्वज का पूजन किया, साथ ही तलवारबाजी भी की। इसी दिन शाम को श्री महाकालेश्वर मंदिर से एक भव्य ध्वज चल समारोह निकाला गया, जिसमें झांकियां और बैंड आकर्षण का केंद्र रहे।

श्री महाकालेश्वर मंदिर में यह चल समारोह प्रतिवर्ष की परंपरा अनुसार रंगपंचमी महापर्व पर भगवान श्री वीरभद्र जी के पूजन के बाद निकाला जाता है। इस वर्ष के समारोह में विभिन्न आकर्षक झांकियां, बैंड और धार्मिक प्रस्तुतियां शामिल थीं। लगभग चार किलोमीटर लंबा यह चल समारोह शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा और अंततः पुनः मंदिर परिसर पहुंचा।

चल समारोह में सबसे आगे बैंड दल था। इसके बाद वीरभद्र और कालिका माता की झांकियां, गणेश मालवा बैंड, नासिक ढोल, महाकाल के गर्भगृह दर्शन की झांकी और नंदी की सवारी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके अतिरिक्त, चांदी का ध्वज-छत्र, अन्य धार्मिक झांकियां और हाथी पर सवार मनमहेश के दर्शन भी भक्तों को हुए।

यह चल समारोह महाकाल मंदिर से शुरू होकर महाकाल घाटी, तोपखाना, दौलतगंज, फव्वारा चौक, कंठाल, सती गेट, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार और गुदरी चौराहा होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचा।

# प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन का होली मिलन समारोह हुआ

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन का होली मिलन एवं पाक्षिक बैठक विक्रम कीर्ति मंदिर के समीप उद्यान में होली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि श्री गोविंद प्रसाद कचोले (पूर्व व्याख्याता) विशेष अतिथि श्री चन्द्रशेखर शर्मा, रामेश्वर वर्मा, प्रदीप माहेश्वरी, बंशीधर सोनी एवं अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक दुबे ने की। समारोह के शुभारम्भ में चन्द्रशेखर शर्मा द्वारा गीत प्रस्तुत किया। संभागीय अध्यक्ष कोमल भूतड़ा संगठन की जानकारी दी। मुख्य अतिथि गोविन्द प्रसाद एवं विशेष अतिथियों ने संगठन को सहयोग का आश्वासन दिया। अध्यक्षीय भाषण देते हुए अशोक दुबे ने बताया कि 16 अप्रेल को भोपाल के धरना प्रदर्शन में सम्मिलित होने का आव्हान किया।





पेंशनर को 3 प्रतिशत डीआर की बधाई देते हुए पूरा एरियर नहीं देने पर दुःख जताया। होली मिलन समारोह में पेंशनर साथियों ने अबीर गुलाल रंग लगाया। समारोह का संचालन जिला उपाध्यक्ष डॉ. प्रभु चौधरी ने किया एवं आभार पूर्व प्राचार्य प्रकाश लोहानी ने माना। इस अवसर पर जयशंकर पाण्डेय, कैलाशचन्द्र राठौर, महेश पण्डित, सुरेश भरद्वाज, रमेशचंद सेदीवाल, कैलाशचन्द गुर्जर, रेणु रावल, कु. आनंदी मोर्य, राजश्री नीमा, रमाकांत सिरे, सुभाष जोशी, पी.आर. निगम, बालमुकुन्द गंधे, रमेश वर्मा सुरेशचन्द्र, मधुमती सक्सेना,दिनेश व्यास रमेश मालवीय आदि उपस्थित रहे आज की बैठक में ७० सदस्यों ने भाग लिया अंत मै राष्ट्रगान सभी ने एक सुर में गाया यह जानकारी डॉक्टर स्वामी नाथ पांडेय मीडिया प्रभारी ने दी है।

### 21 वर्षीतप आराधको का हुआ बहुमान, सैकड़ो महिलाओं ने किया चौबीसी गान

#### अभ्युदयपुरम गुरुकुल में हुआ कार्यक्रम, महिला मंडलो ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

14 माह तक चलने वाले वर्षीतप तपस्या के आराधको का सामूहिक बहुमान कार्यक्रम बड़नगर रोड स्थित अभ्युदयपुरम जैन गुरुकुल में आयोजित हुआ। जिसमें उज्जैन सहित अंचल के 21 से अधिक वर्षीतप आराधक शामिल हुए, सभी के सम्मान में विभिन्न महिला मंडल एवं समाज की महिलाओं ने चौबीसी गान किया। पुरे आयोजन के लाभार्थी वर्षीतप आराधक श्रीमती कल्पना विजय सुराणा परिवार रहे। इस दौरान श्वेताम्बर जैन समाज उज्जैन के लगभग 24 महिला मण्डलों ने उपस्थित होकर चौबीसी, धार्मिक हाऊजी आदि में बडे. ही उत्साह से भाग लिया एवं विशिष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुतिया दी। सुराणा परिवार द्वारा प्रत्येक मण्डल का बहुमान किया गया, तथा उपस्थित सभी श्राविकाओं को केशर की प्रभावना के साथ साधर्मिक भक्ति का लाभ भी लिया।

### इंदौर में आयोजित मातृशक्ति सम्मान समारोह में उद्यमिता व समाज सेवा के लिए मिला सम्मान

उज्जैन। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इंदौर के कीमती गार्डन में मातृशक्ति सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में उज्जैन के सिंहपुरी निवासी समीक्षा नवीन व्यास को उद्यमिता और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए 'मां अहिल्या गौरव अलंकरण' से सम्मानित किया गया, जिससे उज्जैन शहर गौरवान्वित हुआ है। इस कार्यक्रम का आयोजन कर्मवीर वीर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट और अनंत सेवा न्यास, इंदौर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था।

समीक्षा नवीन व्यास अपनी समाज सेवा और नेतृत्व क्षमता के लिए जानी जाती हैं।

# रंगपंचमी पर शहर में पारंपरिक रूप से रंगारंग गेर निकली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



रंगपंचमी का उल्लास रविवार को चरम पर रहा है। शहर में पारंपरिक रूप से रंगारंग गेर निकली। धानमंडी क्षेत्र से निकली गेर में ढोल-ताशों और डीजे की धुन पर युवा झूमते हुए नजर आए। फायर फाइटर के माध्यम से रंगों की बौछार की गई। मशीनों से रंग-बिरंगा गुलाल और फोम उड़ाया गया। बच्चों से लेकर बड़ों में काफी उत्साह देखा गया।

गेर का आयोजन रतलाम जनजागृति सांस्कृतिक मंच के अक्षय मित्र मंडल और नर नारायण ग्रुप द्वारा किया गया। गेर में सबसे आगे घोड़े और ऊंट के साथ बैंड, डीजे, ढोल-ताशों की टोलियां चल रही थी। गेर के दौरान मशीनों से करीब 20 क्विंटल से अधिक रंगीन गुलाल उड़ाया गया। जबकि फायर फाइटर से गुलाबी रंग के पानी की बौछार की गई। युवाओं की टोलियां रंगों से सराबोर होकर गेर अलग-अलग रूप झध धारण कर नाचते-गाते शामिल हुई। दोपहर 12 बजे शुरू हुई गेर शाम 4.30 बजे तक चलती रही। घास बाजार चौराहे से लेकर चांदनीचौक तक पूरी सड़क रंगों में रंगे युवाओं से भरी पड़ी थी। चांदनीचौक में अलग से फुव्वारों लगाकर आयोजन किया गया। चौमुखीपुल पर गेर को देखने शहरवासी परिवारों के साथ भी पहुंचे।

गेर धानमंडी से शुरू होकर गणेश देवरी, न्यू क्लॉथ मार्केट, माणकचौक, घासबाजार, चौमुखी पुल, चांदनी चौक, तोपखाना, हरदेव लाला पिपली, नाहरपुरा होते हुए डालूमोदी बाजार पहुंचाी। यहां कला अभिनय मंच द्वारा गेर का स्वागत किया, जिसके बाद समापन हुआ।

दो बत्ती चौराहे पर भी रंगपंचमी के अवसर पर विशेष आयोजन किया गया। यहां पानी की बौछारों के साथ रंगों की बारिश और गुलाल उड़ाया गया। बड़ी संख्या में शहरवासी और महिलाएं भी शामिल हुई।

## सुरक्षा के कड़े इंतजाम

गेर को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन भी अलर्ट रहा। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पूरे मार्ग पर निगरानी रखी की गई। एसपी अमित कुमार, एएसपी विवेक कुमार लाल शहर में लगातार घूमते रहे। सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया, डीएसपी अजय सारवान समेत थानों के टीआई व सुरक्षा बल लगातार गेर के साथ सुरक्षा को लेकर शामिल रहे।



## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विधायक परिहार ने किया मातृशक्ति का सम्मान

**नीमच।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विधायक दिलीपसिंह परिहार ने समाज को नई दिशा देने वाली महिलाओं का स्वागत अभिनंदन कर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री परिहार ने कहा कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं को सदैव शक्ति, संस्कार और संस्कृति की संवाहक के रूप में देखा जाता है। नारी केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण शक्ति भी है। देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं से समाज को आज बहुत उम्मीदें हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस तभी सार्थक होगा जब महिलाएं अपने आत्मविश्वास और सामर्थ्य को पहचानते हुए घर, परिवार, समाज, राज्य और राष्ट्र को सशक्त बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।गरिमामय कार्यक्रम में विधायक श्री परिहार ने नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व कर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृश्ट कार्य कर प्रेरणा बनने वाली बहनों भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा, नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान, भाजपा जिला मंत्री श्रीमति किरण शर्मा, जिला महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता पंड्या, नगर पालिका सीएमओ श्रीमती दुर्गा बामणिया का स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष निलेश पाटीदार, नारायण खंडेलवाल, मनोज माहेश्वरी, ओमसिंह उपस्थित थे।

# रंगपंचमी पर सतरंगी हुई शिवना नगरी, सामाजिक समरसता के रंग में डूबा मंदसौर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर



रंगपंचमी पवर पूरा नगर रंगों और उमंग के सैलाब में डूबा नजर आया। सामाजिक समरसता मंच के तत्वाधान में आयोजित विशाल फाग यात्रा ने शहर को एकता और हर्षोल्लास के सूत्र में पिरो दिया। इस भव्य आयोजन की शुरूआत नगर के पूज्य संतों, विभिन्न समाजों के प्रमुखों और गणमान्य नागरिकों के सानिध्य में हुई।

करीब प्रातः 11 बजे से ही शहर की 20 अलग-अलग बस्तियों से विभिन्न समाजों के लोग गेर के रूप में टोलियाँ बनाकर ढोल-धमाकों के साथ आजाद चौक घंटाघर पर एकत्रित होना शुरू हो गए थे। जब यह विशाल समूह एक साथ फाग यात्रा के रूप में आगे बढ़ा, तो दृश्य देखते ही बनता था। यात्रा में विशेष रूप से शामिल 51 ढोल और नगाड़ों की गूंज ने पूरे वातावरण में जोश भर दिया, जिस पर युवा और बुजुर्ग सभी झूमते-थिरकते नजर आए। पूरे मार्ग पर लगभग ३१ क्विंटल गुलाल उड़ाया गया। यात्रा के आकर्षण को बढ़ाने के लिए जहाँ एक ओर गुलाल उड़ाने वाली मशीनों से रंगों की बारिश हो रही थी, वहीं फायर फाइटर के माध्यम से की जा रही पानी की बौछारें हुरियारों का उत्साह बढ़ा रही थीं। यात्रा में राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी ने श्रद्धा का संचार किया, तो वहीं पहली बार शामिल हुई भजन मंडलियों की टोलियों ने फाग गीतों की मधुर प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। युवाओं की टोलियां दुपहिया वाहनों पर सवार होकर नगर का भ्रमण कर आपस में एक दूसरे पर रंग लगाती रही। घंटाघर से शुरू होकर यह ऐतिहासिक फाग यात्रा भारत माता चौराहा और बड़े बालाजी बस स्टैंड से होती हुई गांधी चौराहा पहुंची। मार्ग में कई स्थानों पर अल्पाहार और पेयजल के स्टॉल लगाकर फाग यात्रा का स्वागत किया गया। गांधी चौराहा पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा रंगपंचमी पर कार्यक्रम आयोजित किया जहां एक दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दी गई। साथ ही माहेश्वरी समाज, नीमा समाज, पाटीदार समाज सहित कई समाजों ने विशेष कार्यक्रम आयोजित किये।

## 87 वे सीआरपीएफ दिवस पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**नीमच।** नीमच जो केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की जन्मस्थली भी है। यहा सीआरपीएफ के 87वें सीआरपीएफ दिवस के उपलक्ष्य में ग्रुप केंद्र, नीआरसीएफ, नीमच में समाजसेवा और मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साकार करते हुए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं महिला कामिकाओं तथा जवानों ने भाग लिया। ओर सहर्ष बड़ी संख्या में रक्तदान कर जरूरतमंद नारीजों के जीवन को बचाने में सहर्ष योगदान दिया। उक्त रक्तदान शिविर का आयोजन सुरेन्द्र कुमार डीआईजी ग्रुप केंद्र नीमच के निर्देशन में संयुक्त अस्पताल, सीआरपीएफ नीमच के सहयोग से किया गया, जिसमें ग्रुप केंद्र नीमच, सीटीसी, आरटीसी, रेंज कार्यालय, संगानक अस्पताल, प्रथम बटालियन एवं 4 सिगनल बटालियन के कार्मिकों ने सहभागिता की। संकलित रक्त को चिकित्सकीय मानकों के अनुरूप सुरक्षित रखते हुए आवश्यकता पड़ने पर मरीजों के उपचार के लिए उपयोग में लाया जाएगा। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार, डीआईजी, ग्रुप केंद्र नीमच ने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का सर्वोच्च कार्य है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। इस तरह इस पुनीत अवसर पर रेड क्रॉस के सत्येंद्र सिंह राठौड़ सहित सीआरपीएफ के अधिकारी कर्मचारी वह जवान होने सहभागिता की।

## पत्रकार हितेषी संगठन असेंबली ऑफ एमपी जर्नलिस्ट की त्रैमासिक बैठक



**नीमच।** प्रदेश के पत्रकार हितेषी संगठन असेंबली ऑफ एमपी जर्नलिस्ट की त्रैमासिक बैठक जिला कार्यालय अंबेडकर मार्ग नीमच पर संपन्न हुई। वर्ष 2026 के कार्यक्रम, योजनाओं को लेकर चर्चा की गई द्य वही भोपाल कार्यालय से जिन सदस्यों के नवीनीकरण होकर आए प्रेस कार्ड का वितरण भी किया गया। प्रदेश कार्यालय से प्राप्त निर्देश अनुसार त्रैमासिक बैठक का आयोजन नियमित रूप से किया जाना है। वहीं नए सदस्यों को और अधिक संख्या में जोड़ने की बात भी की गई। ग्रामीण पत्रकारों के हित में श्रम आयोग से निर्णय करवाने के लिए पार्टी अध्यक्ष एवं श्रम आयोग सदस्य श्री राधा वल्लभ शारदा के माध्यम से पत्रकारों की बात पहुंचाने का निर्णय लिया गया। वर्ष भर नीमच जिले में सक्रियता से पत्रकारों के हित में संगठित रहने की बात भी जिला अध्यक्ष डॉ जीवन कौशिक द्वारा कही गई। देश में चौथा स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारिता का उपयोग आम जानकी परेशानियों को प्रशासन व सरकार तक पहुंचाने के लिए और अधिक दृढ़ता से काम करने और कलम चलाने पर भी सदस्यों ने सहमति जताई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष परमानंद शर्मा कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने भी इन विषयों पर सहमति दी। अन्य सदस्यों शंकर रामवाणी,रघुवीर बैरागी,महेश जी शर्मा भेरूलाल रैगर, अन्य नए सदस्यों को भी कार्यकारिणी में दिए जाने पर सहमति दी गई।

# भाजपा के प्रशिक्षण कार्यशाला महाअभियान के तहत 14 से शुरू होगा बैठकों का दौर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

भारतीय जनता पार्टी के सांगठनिक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मंदसौर जिले में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान का शंखनाद होने जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के मार्गदर्शन में जिले के सभी 21 संगठनात्मक मंडलों में 14 मार्च से 14 अप्रैल के बीच व्यापक प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इस महाअभियान की तैयारियों को लेकर वर्तमान में सभी मंडलों में बैठकों और रणनीतियों का दौर तेजी से चल रहा है। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा शक्ति केंद्र टोली और मंडल पदाधिकारियों के साथ संवाद कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी सिलसिले में आज विभिन्न मंडलों में महत्वपूर्ण बैठकें संपन्न हुईं। मंदसौर ग्रामीण मंडल की बैठक संभागीय प्रभारी नानालाल अटोलिया और जिला महामंत्री शिवराज सिंह घटावदा की उपस्थिति में हुई, वहीं दलौदा मंडल में पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने नवनियुक्त पदाधि कारियों के साथ कार्यशाला की रूपरेखा तैयार की।

मंदसौर उत्तर मंडल और मल्हारगढ़ मंडल में भी वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण वर्ग के महत्व से अवगत कराते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन के अनुसार, इन कार्यशालाओं के माध्यम से पार्टी की विचारधारा और भविष्य की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। आने वाले एक महीने तक पूरा जिला भाजपा के इस प्रशिक्षण अभियान के रंग में रंगा नजर आएगा।

## एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/29 के दुरुपयोग पर रोक लगाने की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

अफीम उत्पादक क्षेत्र के किसानों और आम नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/29 के कथित दुरुपयोग पर गंभीर चिंता जताई है।

सिसोदिया ने अपने पत्र में इस कानून के प्रावधानों में आवश्यक संशोधन और पुनर्विचार की पुरजोर मांग की है। उन्होंने तर्क दिया कि इस विशेष धारा के दुरुपयोग के कारण अफीम बेल्ट माने जाने वाले मंदसौर और नीमच जिलों में कई निर्दोष लोग झूठे मामलों में फंस रहे हैं। अक्सर ऐसी शिकायतें सामने आती हैं कि पकड़े गए तस्करों द्वारा महज नाम लिए जाने के आधार पर निर्दोष व्यक्तियों को पुलिसिया कार्रवाई का सामना करना पड़ता है, जिससे न केवल उनका मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न होता है, बल्कि आर्थिक लेन-देन और भ्रष्टाचार की गुंजाइश भी बनी रहती है।

सिसोदिया ने स्पष्ट किया कि यद्यपि नशे के अवैध कारोबार और तस्करी पर नकेल कसना समाज और आने वाली पीढ़ी के लिए अनिवार्य है, किंतु कानून का मूल उद्देश्य दोषियों को सजा देना होना चाहिए, न कि निर्दोष नागरिकों में भय का वातावरण पैदा करना। उन्होंने पत्र में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के उस आश्वासन का भी उल्लेख किया, जो उन्होंने 2023-24 में दलौदा की एक जनसभा में जनता की मांग पर दिया था। इसके साथ ही उन्होंने राजस्थान विधानसभा के हालिया सत्र का हवाला देते हुए बताया कि वहां भी विधायक श्रीचंद कृपलानी ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि वे इस संवेदनशील विषय पर भारत सरकार के वित्त मंत्रालय से पत्राचार करें या व्यक्तिगत भेंट कर कानून में सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाएं।

## भगवान पशुपतिनाथ की संनिधि में होगा श्री शुक्ल यजुर्वेद का सस्वर पारायण

**मन्दसौर।** विश्व प्रसिद्ध भगवान पशुपतिनाथ की पावन नगरी में पहली बार श्रीशुक्ल यजुर्वेद माध्यन्दिन संहिता का कंठस्थ सस्वर पारायण आयोजित किया जा रहा है। यह अनूठा धार्मिक अनुष्ठान वेदपाठी पंडित श्री विष्णुप्रसाद जी ज्ञानी के मार्गदर्शन में उनके चार मेधावी शिष्यों जितेश नारायण पाण्डेय, पंकज ईश्वरलाल प्रधान, शिवम गोवर्धनलाल व्यास और अभिषेक नानालाल शर्मा द्वारा संपन्न किया जाएगा। आयोजन के दौरान भगवान वेद की वांग्मयी प्रतिमा के समक्ष प्राचीन परंपरा के अनुसार वेदों का पाठ होगा। श्रीधरा धाम गौशाला व गुरुकुल मेनपुरिया, श्री पशुपतिनाथ संस्कृत पाठशाला तथा श्री दक्षिणेश्वरी ज्योतिष योग साधना संस्था के संयुक्त तत्वावधान में यह विशेष पारायण 15 से 18 मार्च तक प्रतिदिन दो सत्रों में आयोजित होगा, जिसमें सुबह का सत्र 7.30 से 10.30 बजे तक और दोपहर का सत्र 3 से 5 बजे तक रहेगा।



गोविंदा का दावा

# सलमान ने करवाई सर्जरी

## पार्टनर शूट करने से पहले कहा था- चेहरा उतर गया, बाल कम हैं, फिर सलमान ने बदला लुक

बॉलीवुड एक्टर गोविंदा ने सलमान खान को लेकर एक बड़ा दावा किया है। गोविंदा ने कहा कि उन्होंने ही सलमान खान को अपना लुक और फिजिकल अपीयरेंस बदलने का सुझाव दिया था।

गोविंदा ने सिद्धार्थ कनन को दिए इंटरव्यू में बताया कि पार्टनर फिल्म की शुरूआत से पहले उन्होंने सलमान को बॉडी और बालों पर काम करने की सलाह दी थी, जिसके बाद सलमान ने सर्जरी कराई और खुद को पूरी तरह ट्रांसफॉर्म किया।

**गोविंदा बोले- थोड़ा चेहरा उतर गया है, बॉडी तैयार कर लीजिए-** इंटरव्यू में गोविंदा ने कहा, मैंने सलमान से कहा था कि तुम्हें यह और यह करना है। थोड़ा सा चेहरा उतर गया है, थोड़ी बॉडी तैयार कर लीजिए। आपके बाल भी थोड़े कम लग रहे हैं, तो आपको कुछ करना चाहिए। गोविंदा के मुताबिक, उन्होंने यह बात एक-दो ड्रिंक लेने के बाद कही थी।


**दावा- सलाह के बाद सलमान ने कराई थी सर्जरी-** गोविंदा ने दावा किया कि उनकी बात सुनने के बाद सलमान खान ने इसे गंभीरता से लिया। गोविंदा ने कहा, सलमान गया और उसने सर्जरी कराई, फिर एक्सरसाइज शुरू की। पार्टनर के बाद आप सलमान को देखिए, वह पहले जैसा नहीं था। हमने कोशिश की थी कि उसकी पर्सनैलिटी को पूरी तरह बदल दें और हम इसमें कामयाब रहे।

# पृथ्वी शॉ ने एक्ट्रेस आकृति अग्रवाल से की सगाई

क्रिकेटर ने इंस्टाग्राम पर दी जानकारी, मंगेतर को बताया जिंदगी की परफेक्ट पारी







भारतीय क्रिकेटर पृथ्वी शॉ ने इन्फ्लुएंसर और एक्ट्रेस आकृति अग्रवाल से सगाई कर ली है। इसकी जानकारी क्रिकेटर ने रविवार को दी।

पृथ्वी शॉ ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सगाई की तस्वीरें भी शेयर कीं और लिखा, मैदान पर छक्कों से लेकर मैदान के बाहर पूरी जिंदगी की साझेदारी तक, वह मेरी परफेक्ट पारी है। जस्टएंगेज्ड।

बता दें कि पृथ्वी शॉ भारत को अंडर-19 विश्व कप जिताने वाले कप्तान हैं। वहीं आकृति के इंस्टाग्राम अकाउंट पर 3 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। हाल ही में वो तेलुगु फिल्म ट्रिमुखा में नजर आई थीं।

**सेलेब्स ने दी बधाई-** पृथ्वी और आकृति की सगाई पर कई लोगों ने उन्हें बधाई दी। पोस्ट पर सिंगर स्टेबिन बेन, एक्टर सिद्धांत कपूर और राहुल चहार ने भी बधाई दी।

**पृथ्वी की कप्तानी में भारत ने अंडर-19 विश्व कप जीता था-** पृथ्वी शॉ ने 2018 में अपनी कप्तानी में भारत को अंडर-19 विश्व कप जिताया था। उसी साल वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट डेब्यू में शतक लगाकर उन्होंने शानदार शुरूआत की और डेब्यू टेस्ट में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हुए।

2025 में उन्होंने मुंबई छोड़कर महाराष्ट्र की टीम जॉइन की और बूची बाबू टूर्नामेंट में डेब्यू मैच में ही शतक लगाया। आईपीएल 2026 की नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें 75 लाख में खरीदा था। आकृति फेमस इन्फ्लुएंसर हैं आकृति अग्रवाल एक एक्ट्रेस, मॉडल और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। आकृति ने अपने करियर की शुरूआत कंटेंट क्रिएटर के रूप में की और इंस्टाग्राम व यूट्यूब पर व्लॉग, शॉर्ट वीडियो और फोटोशूट के जरिए लोकप्रियता हासिल की। उनके यूट्यूब पर 90 हजार से ज्यादा सब्सक्राइबर्स हैं। आकृति हाल ही में तेलुगु फिल्म ट्रिमुखा में काम किया था। यह फिल्म 30 जनवरी को रिलीज हुई थी। फिल्म में आकृति के अलावा सनी लियोनी, योगेश कल्ले और आदित्य श्रीवास्तव जैसे कलाकार नजर आए।



# शाहिद कपूर ने शुरू की फर्जी 2 की शूटिंग

## एक्टर ने पहले दिन के शूट की फोटो शेयर कर अपना लुक दिखाया

शाहिद कपूर की वेब सीरीज फर्जी के दूसरे सीजन की शूटिंग शुरू हो गई है। एक्टर ने शनिवार को इंस्टाग्राम स्टोरी पर पहले दिन की शूटिंग की तस्वीर शेयर की। इसके साथ उन्होंने अपने किरदार के लुक को भी दिखाया।

बता दें कि फरवरी में शाहिद कपूर ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की थी कि फर्जी का दूसरा सीजन बन रहा है। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर सीरीज के क्रिएटर्स राज निदिमोरू और कृष्णा डी.के. के साथ एक तस्वीर शेयर की थी और लिखा था, नकली काम करने वाले फिर से लौट आए हैं।

**सीरीज के क्रिएटर्स ने भी दी जानकारी-** राज और डी.के. ने भी अपने इंस्टाग्राम पर नोटों की गड्डियों की तस्वीर शेयर की थी। इसके साथ कैप्शन लिखा, राउंड 2 चल रहा है, जिससे सीरीज की वापसी का संकेत मिला था। इससे पहले शाहिद कपूर ने बताया था कि फर्जी सीजन 2 को आने में समय लगेगा। उनका कहना था कि शो की शूटिंग और पोस्ट-प्रोडक्शन में काफी समय लगता है और इसे कई भाषाओं में डब कर 200 देशों में रिलीज किया जाता है। वेब सीरीज फर्जी में शाहिद कपूर के साथ विजय सेतुपति, राशि खन्ना, के के मेनन, भुवन अरोड़ा, रेजिना कैसेंड्रा और अमोल पालेकर अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। 'फर्जी' का पहला सीजन 10 फरवरी 2023 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज किया गया था। सीरीज की कहानी में सनी (शाहिद कपूर) एक जबरदस्त कलाकार होता है, जो हूबहू पेंटिंग्स बना सकता है। लेकिन जब उसके नानाजी का अखबार 'क्रांति' और उनका प्रिंटिंग प्रेस कर्ज के कारण बंद होने की कगार पर पहुंच जाता है, तो वह अपनी कला का इस्तेमाल नकली नोट बनाने के लिए करता है। जो बाद में एक बड़े जाल में फंस जाता है। वहीं विजय सेतुपति ने एक टास्क फोर्स अधिकारी की भूमिका निभाई है।

## मंदाना करीमी भारत छोड़ेंगी : कहा- इंडिया ने धोखा दिया, काम मिलना बंद हुआ

# ईरान आजाद होते ही लौटूंगी



ईरानी एक्ट्रेस मंदाना करीमी ने भारत छोड़ने का फैसला कर लिया है। 25 सालों से बॉलीवुड में काम कर रहीं मंदाना का कहना है कि भारत ने उन्हें धोखा दिया है और अब यहां उनकी कोई आवाज नहीं बची है। उन्होंने अपना सारा सामान पैक कर लिया है और जैसे ही ईरान में मौजूदा शासन खत्म होगा, वह वापस अपने देश लौट जाएंगी।

दरअसल ईरान-इजराइल युद्ध में 28 फरवरी को हुए मिसाइल हमलों के बाद ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत हो गई थी। मंदाना ने सोशल मीडिया पर इस मौत पर खुशी जाहिर की थी और ईरानी शासन की कड़ी आलोचना की थी। इसी विरोध के बाद से मंदाना को भारत में विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

पहले भी विवादों में रहीं एक्ट्रेस

### एक्ट्रेस का दावा- काम मिलना बंद हुआ

बॉलीवुड हंगामा को दिए इंटरव्यू में मंदाना ने अपना दर्द साझा करते हुए कहा, पिछले दो महीनों में मुझे मुंबई में बहुत अकेलापन महसूस हुआ। ईरान के हक में बोलने और विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लेने की वजह से मैंने अपने कई पुराने दोस्त खो दिए। मुझे महसूस हो रहा है कि भारत ने एक तरह से मुझे धोखा दिया है। जनवरी 2026 से मुझे काम मिलना बंद हो गया है और मेरे पुराने कॉन्ट्रैक्ट भी कैंसिल कर दिए गए हैं।

### बैग पैक, सरकार गिरते ही ईरान लौटेंगी

मंदाना का कहना है कि वह अब भारत से अपना नाता तोड़ रही हैं। उन्होंने कहा, जैसे ही ऐलान होगा कि ईरान की मौजूदा सरकार गिर गई है, मैं तुरंत चली जाऊंगी। मैंने अपना बैग पैक कर लिया है। मैं एक ऐसा ईरान देखना चाहती हूं जहां महिलाएं आजाद हों, अपनी मर्जी के कपड़े पहन सकें और किसी भी यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर सकें।



### मॉडलिंग से शुरू हुआ था मंदाना का करियर

- मंदाना करीमी का जन्म तेहरान में हुआ था। वह 2010 में पहली बार मॉडलिंग के लिए भारत आई थीं और 2013 से मुंबई में ही बस गईं। उन्होंने 'क्या कूल हैं हम 3', 'मैं और चार्ल्स' और 'भाग जॉनी' जैसी फिल्मों में काम किया। इसके अलावा 'बिग बॉस' और 'लॉकअप' जैसे रियलिटी शोज से उन्हें पहचान मिली।
- इसके बाद मंदाना ने साल 2017 में भारतीय बिजनेसमैन गौरव गुप्ता से शादी की, लेकिन यह रिश्ता लंबा नहीं चला। 2021 में उनका तलाक हो गया। मंदाना ने अपने पति और ससुराल वालों पर घरेलू हिंसा और धर्म परिवर्तन के दबाव जैसे गंभीर आरोप लगाए थे।

# भारत टी-20 में तीसरी बार वर्ल्ड चैंपियन

## न्यूजीलैंड को हराया: लगातार 2 वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली टीम, पहली बार होम टीम ने टाइटल जीता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अहमदाबाद

टी-20 वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का एक विज्ञापन आया। इसमें रोहित कहते नजर आए- 'टीम इंडिया हिस्ट्री रिपीट भी करेगी और टीम इंडिया हिस्ट्री डिफीट भी करेगी।'

सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर हिस्ट्री रिपीट भी की और हिस्ट्री डिफीट भी की।

**हिस्ट्री रिपीट कैसे-** 2024 का कारनामा 2026 में दोहराया रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने 29 जून 2024 को टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। टीम ने बारबाडोस में साउथ अफ्रीका को 7 रन के अंतर से हराया। आज टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप जीतने का कारनामा 2026 में भी दोहरा दिया।

### 3 इतिहास बदले

- **पहला:** पहली बार किसी होम टीम ने टी-20 वर्ल्ड कप जीता। इससे पहले कोई मेजबान टीम इस टूनार्मेंट में चैंपियन नहीं बनी।
- **दूसरा:** पहली बार किसी टीम ने लगातार दो टी-20 वर्ल्ड कप जीते। इससे पहले कोई भी टीम अपना टाइटल डिफेंड नहीं कर सकी थी।
- **तीसरा:** पहली बार किसी टीम ने तीन बार टी-20 वर्ल्ड कप जीते। किसी अन्य टीम ने इस टूनार्मेंट के 3 टाइटल नहीं जीते हैं।



**फाइनल की पूरी कहानी-** वर्ल्ड चैंपियन कप्तान से मैच की शुरूआतङ्क इस ऐतिहासिक फाइनल मुकाबले की शुरूआत भारत को वर्ल्ड चैंपियन बनाने वाले कप्तानों के साथ हुई। 2007 के टी-20 वर्ल्ड चैंपियन कप्तान एमएस धोनी और 2024 के टी-20 वर्ल्ड चैंपियन कप्तान रोहित शर्मा ट्रॉफी लेकर मैदान में आए।

ओपनर्स ने मजबूत शुरूआत दिलाई मैच का टॉस न्यूजीलैंड ने जीता और कप्तान मिचेल सैंटनर ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारतीय ओपनर्स ने पावरप्ले के अंदर सैंटनर के फैसले को गलत साबित कर दिया। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की जोड़ी ने पावरप्ले के 6 ओवर में बिना नुकसान के 92 रन बना डाले। जो टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे बड़े पावरप्ले स्कोर की बराबरी रही।

भारतीय ओपनर्स ने रिकॉर्ड साझेदारी की भारतीय ओपनर्स ने 98 रन की ओपनिंग साझेदारी की। इसे रचिन रवींद्र ने अभिषेक शर्मा को कैच आउट कराकर तोड़ा। अभिषेक 21 गेंदों में 52 रन बनाकर आउट हो गए।

# भारत में 1 टेस्ट और 3 वनडे खेलेगा अफगानिस्तान



## धर्मशाला, मुल्लांपुर, चेन्नई और लखनऊ को मेजबानी, 6 से 20 जून के बीच होंगे मुकाबले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जोहान्सबर्ग

अफगानिस्तान टीम 6 से 20 जून के बीच भारत में 1 टेस्ट और 3 वनडे खेलेगी। आईपीएल का 19वां सीजन खत्म होने के बाद सीरीज शुरू होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने शेड्यूल रिलीज करते हुए बताया कि मुल्लांपुर में टेस्ट मैच से सीरीज शुरू होगी। फिर धर्मशाला, लखनऊ और चेन्नई में 3 वनडे खेले जाएंगे।

14 जून को पहला वनडे बीसीसीआई ने मीडिया रिलीज में बताया कि महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 6 से 10 जून तक टेस्ट मैच होगा। फिर 14 जून को एचपीसीए स्टेडियम में पहला वनडे, 17 जून को इकाना स्टेडियम में दूसरा वनडे और 20 जून को चेपॉक स्टेडियम में तीसरा वनडे खेला जाएगा। सभी वनडे दोपहर 1.30 बजे से शुरू होंगे।

वर्ल्ड कप खेल रही है टीम इंडिया टीम इंडिया फिलहाल होमग्राउंड पर टी-20 वर्ल्ड कप खेल रही है। भारत ने रविवार को सुपर-8 स्टेज मैच में वेस्टइंडीज को हराया और सेमीफाइनल में जगह बनाई। जहां टीम का सामना 5 मार्च को इंग्लैंड से होगा, मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। टूनार्मेंट का फाइनल 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। दूसरी ओर अफगानिस्तान टीम ग्रुप स्टेज भी पार नहीं कर सकी। टीम को न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के खिलाफ हार मिली।












### 1085 करोड़ की धोखाधड़ी में

# अनिल अंबानी पर एफआईआर




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उद्योगपति अनिल अंबानी, उनकी कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस लि. और उसकी पूर्व निदेशक मंजरी अशोक कक्कड़ के खिलाफ 1,085 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक धोखाधड़ी मामले में एफआईआर दर्ज की है। यह मामला पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की शिकायत पर 5 मार्च को दर्ज किया गया है।

यह शिकायत बैंक की मुंबई में स्ट्रेस्ड एसेट्स मैनेजमेंट ब्रांच के चीफ मैनेजर संतोषकृष्ण अन्नावरपु ने दर्ज कराई है। एफआईआर के अनुसार, आरोपियों ने कथित तौर पर 2013 से 2017 के बीच पीएनबी और यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया (अब पीएनबी में विलय हो गया है) के साथ धोखाधड़ी की। इससे बैंकों को लगभग 1,085.19 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। नुकसान में पीएनबी के 621.39 करोड़ रुपये और यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया के 463.80 करोड़ रुपये शामिल हैं। एफआईआर के अनुसार आरोपियों ने कथित तौर पर आपराधिक साजिश रचा और बेईमानी से बैंकों को रिलायंस कम्युनिकेशंस को क्रेडिट सुविधा मंजूरी करने के लिए मनाया। शक है कि ऋण के पैसे दूसरी जगह हस्तांतरित किए गए और इनका दुरुपयोग किया गया। इससे कथित तौर पर आपराधिक विश्वासघात और हेराफेरी हुई। शिकायत के अनुसार, ऋण खातों को बाद में 2017 में नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स के तौर पर क्लासिफाई कर दिया गया, क्योंकि कर्ज लेने वाला वित्तीय अनुशासन बनाए रखने में नाकाम रहा और ऋण की शर्तों का उल्लंघन किया।

### आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के आंकड़े

# महाराष्ट्र प्रति व्यक्ति आय में देश में पांचवें स्थान पर कायम, गुजरात आगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था एक बार फिर देश की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्थाओं में शामिल रही है, लेकिन प्रति व्यक्ति आय के मामले में राज्य अभी भी देश में पांचवें स्थान पर ही बना हुआ है। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार महाराष्ट्र की प्रति व्यक्ति आय में लगातार वृद्धि हो रही है, फिर भी यह गुजरात से पीछे बना हुआ है। सर्वेक्षण के आंकड़ों के मुताबिक राज्य की प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2025-26 में बढ़कर लगभग 3 लाख 47 हजार 903 रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। हालांकि यह आंकड़ा अभी प्रारंभिक अनुमान है और अगले वित्तीय वर्ष में अंतिम आंकड़े जारी किए जाएंगे।

आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 के संशोधित अनुमान में महाराष्ट्र की प्रति व्यक्ति आय 3 लाख 17 हजार 801 रुपये दर्ज की गई है। यह पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर वृद्धि को दर्शाता है, लेकिन देश के कुछ अन्य तेजी से विकसित हो रहे राज्यों की तुलना में यह वृद्धि अपेक्षाकृत मध्यम मानी जा रही है। महाराष्ट्र पिछले कई वर्षों से प्रति व्यक्ति आय के मामले में पांचवें स्थान पर बना हुआ है और इस स्थिति में अभी तक कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है।

देश में प्रति व्यक्ति आय के मामले में तेलंगाना लगातार तीसरे वर्ष पहले स्थान पर बना हुआ है। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2024-25 में तेलंगाना की प्रति व्यक्ति आय 3 लाख 87 हजार 623 रुपये आंकी गई है। इसके बाद कर्नाटक दूसरे स्थान पर है, जहां प्रति व्यक्ति आय 3 लाख 80 हजार 906 रुपये दर्ज की गई है। तमिलनाडु तीसरे स्थान पर है और वहां प्रति व्यक्ति आय 3 लाख 61 हजार 619 रुपये बताई गई है। चौथे स्थान पर गुजरात है, जिसकी प्रति व्यक्ति आय 3 लाख 27 हजार 195 रुपये आंकी गई है। इसके बाद महाराष्ट्र पांचवें स्थान पर है।

आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार मुंबई शहर और मुंबई उपनगर, ठाणे, पुणे, नागपुर, रायगढ़ और कोल्हापुर जैसे जिलों में प्रति व्यक्ति आय 3 लाख रुपये से अधिक है। इन जिलों में उद्योग, सेवा क्षेत्र और व्यापारिक गतिविधियों के कारण आय का स्तर अपेक्षाकृत अधिक है। मुंबई देश की वित्तीय राजधानी होने के कारण यहां बड़ी संख्या में कॉरपोरेट कंपनियां, बैंक, वित्तीय संस्थान और सेवा क्षेत्र से जुड़ी कंपनियां संचालित होती हैं, जिससे आर्थिक गतिविधियां लगातार मजबूत बनी रहती हैं।

इसके अलावा पुणे, नागपुर और ठाणे जैसे शहर भी तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक और आईटी केंद्र बनकर उभरे हैं। इन शहरों में आईटी कंपनियों, ऑटोमोबाइल उद्योग, शिक्षा संस्थानों और स्टार्टअप्स की मौजूदगी के कारण रोजगार के अवसर बढ़े हैं और आय का स्तर भी ऊंचा हुआ है। रायगढ़ और कोल्हापुर जैसे जिलों में भी औद्योगिक विकास और व्यापारिक गतिविधियों के कारण आर्थिक स्थिति मजबूत बनी हुई है।



- आंध्र प्रदेश इस सूची में छठे स्थान पर है और वहां प्रति व्यक्ति आय लगभग 2 लाख 66 हजार 240 रुपये बताई गई है। इस बीच देश की औसत प्रति व्यक्ति आय में भी वृद्धि दर्ज की गई है। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार इस वर्ष देश की औसत प्रति व्यक्ति आय लगभग 2 लाख 19 हजार रुपये आंकी गई है, जबकि पिछले वर्ष यह लगभग 2 लाख 5 हजार रुपये थी। इस दृष्टि से देखा जाए तो महाराष्ट्र की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से काफी अधिक है और यह राज्य की मजबूत आर्थिक स्थिति को दर्शाती है।
- हालांकि सर्वेक्षण में यह भी स्पष्ट किया गया है कि महाराष्ट्र की औसत आय भले ही अधिक हो, लेकिन राज्य के भीतर जिलों के बीच आय का अंतर काफी बड़ा है। कुछ जिलों में प्रति व्यक्ति आय बहुत अधिक है, जबकि कई जिले अभी भी आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं। यह असमानता राज्य की आर्थिक नीति के सामने एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आई है।

- इसके विपरीत राज्य के कई जिलों में प्रति व्यक्ति आय अपेक्षाकृत कम बनी हुई है। सर्वेक्षण के अनुसार सांगली, सिंधुदुर्ग, नासिक, सोलापुर, छत्रपति संभाजीनगर, रत्नागिरी और सतारा जैसे जिलों में प्रति व्यक्ति आय 2 लाख से 3 लाख रुपये के बीच है। इन जिलों में कृषि और छोटे उद्योग प्रमुख आर्थिक गतिविधियां हैं, जिसके कारण आय का स्तर मध्यम श्रेणी में आता है।
- वहीं कुछ जिले ऐसे भी हैं जहां प्रति व्यक्ति आय अभी भी 2 लाख रुपये से कम है। इनमें गोंदिया, बीड, जालना, नांदेड़, परभणी, यवतमाल, हिंगोली, बुलढाणा, वाशिम, गढ़चिरौली और नंदुरबार जैसे जिले शामिल हैं। इन क्षेत्रों में औद्योगिक विकास सीमित है और कृषि पर अधिक निर्भरता होने के कारण आर्थिक विकास की गति अपेक्षाकृत धीमी बनी हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन जिलों में आधारभूत संरचना, उद्योग और निवेश को बढ़ावा देने की आवश्यकता है, ताकि क्षेत्रीय असमानता को कम किया जा सके।
- महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था देश की सबसे विविध और मजबूत अर्थव्यवस्थाओं में गिनी जाती है। राज्य में कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र तीनों का महत्वपूर्ण योगदान है। खासकर सेवा क्षेत्र में मुंबई की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। यहां स्थित शेयर बाजार, बैंकिंग सेक्टर, फिल्म उद्योग, मीडिया और कॉरपोरेट सेक्टर पूरे देश की आर्थिक गतिविधियों को प्रभावित करते हैं।
- राज्य सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष जोर दिया है। सड़कों, मेट्रो नेटवर्क, बंदरगाहों, हवाई अड्डों, औद्योगिक गलियारों और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में बड़े पैमाने पर निवेश किया गया है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य राज्य में निवेश को आकर्षित करना और औद्योगिक विकास को गति देना है।
- इसके अलावा सरकार ने व्यापार करने में आसानी बढ़ाने, डिजिटल प्रशासन को मजबूत करने और विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिए कई सुधारात्मक कदम भी उठाए हैं। इन प्रयासों के कारण महाराष्ट्र घरेलू और वैश्विक निवेशकों के लिए एक महत्वपूर्ण निवेश गंतव्य बना हुआ है।

### ट्रंप के ग्रहों की चाल से वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल के संकेत

# एशियाई बाजारों पर भी मंडराया संकट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वाशिंगटन से लेकर मुंबई और टोक्यो से लेकर लंदन तक दुनिया के प्रमुख शेयर बाजारों में इन दिनों असामान्य उतार-चढ़ाव और बेचैनी का माहौल दिखाई दे रहा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था के इस अस्थिर दौर को लेकर जहां आर्थिक विशेषज्ञ अपने-अपने विश्लेषण दे रहे हैं, वहीं ज्योतिषीय दृष्टि से भी इसे एक बड़े संकेत के रूप में देखा जा रहा है। ज्योतिषाचार्य पंडित चंद्रशेखर नेमा हिमांशु ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जन्म कुंडली का विस्तृत अध्ययन करते हुए दावा किया है कि वर्तमान समय में उनकी कुंडली में बन रहे दुर्लभ ग्रह योग वैश्विक राजनीति के साथ-साथ विश्व अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित कर सकते हैं। उनके अनुसार ट्रंप की कुंडली में चंद्र-केतु और सूर्य-राहु का ग्रहण योग बन रहा है, जो बड़े और अप्रत्याशित निर्णयों की स्थिति पैदा कर सकता है।

ज्योतिषीय विश्लेषण के अनुसार जब किसी प्रभावशाली राजनीतिक नेता की कुंडली में राहु और केतु जैसे छाया ग्रह सूर्य और चंद्रमा को प्रभावित करते हैं तो उसके निर्णयों का प्रभाव दूरगामी होता है। पंडित नेमा के मुताबिक यह ग्रहण योग केवल राजनीतिक उथल-पुथल तक सीमित नहीं रहता बल्कि आर्थिक नीतियों और वैश्विक व्यापारिक ढांचे को भी प्रभावित कर सकता है। उनका कहना है कि ऐसी स्थिति में लिए गए फैसले कई बार अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों और आर्थिक संतुलन को अचानक बदल सकते हैं।

विश्लेषण के अनुसार ट्रंप की वृश्चिक राशि का प्रभाव भी उनकी नीतियों को प्रभावित कर रहा है। वृश्चिक राशि को ज्योतिष में तीव्र, निर्णायक और कई बार आक्रामक स्वभाव वाली राशि माना जाता है। पंडित नेमा का कहना है कि इसी कारण आर्थिक नीतियों में संरक्षणवाद यानी ह्यप्रोटेक्शनिज्मह्ण की प्रवृत्ति मजबूत हो सकती है। इसका सीधा असर अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर पड़ सकता है क्योंकि संरक्षणवादी नीतियों के चलते आयात-निर्यात पर प्रतिबंध और शुल्क बढ़ाए जा सकते हैं। इससे कई देशों के बीच व्यापारिक तनाव और प्रतिस्पर्धा बढ़ने की संभावना बनती है।




#### अंतरराष्ट्रीय आर्थिक विवाद जैसी परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती

ज्योतिषीय गणना के अनुसार ट्रंप की कुंडली में इस समय शनि का प्रभाव बुद्धि स्थान पर माना जा रहा है। शनि का प्रभाव व्यक्ति को कठोर और दृढ़ निर्णय लेने के लिए प्रेरित करता है। पंडित नेमा के अनुसार यही कारण है कि आर्थिक और व्यापारिक नीतियों में अचानक बदलाव या कड़े कदम उठाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। उनका कहना है कि यदि ऐसी नीतियां लागू होती हैं तो इसका प्रभाव अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक और अन्य वैश्विक वित्तीय संस्थाओं पर भी पड़ सकता है। इसके साथ ही गुरु ग्रह की स्थिति को भी ज्योतिषीय दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। पंडित नेमा के अनुसार ट्रंप की कुंडली में गुरु का अष्टम स्थान में होना वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए अस्थिरता का संकेत देता है। अष्टम भाव को ज्योतिष में अचानक परिवर्तन, छिपे संकट और अप्रत्याशित घटनाओं का भाव माना जाता है। ऐसे में शेयर बाजारों में अचानक गिरावट, वित्तीय घोटाले या अंतरराष्ट्रीय आर्थिक विवाद जैसी परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं।

### ईपीएफओ ने खाताधारकों को दी बड़ी राहत

# 2025-26 में भी 8.25% ब्याज मिलेगा 7 करोड़ से ज्यादा लोगों को लाभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने 2025-26 के लिए ईपीएफ पर 8.25 प्रतिशत ब्याज दर बनाए रखने का फैसला किया है। यह लगातार दूसरा साल है जब ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया गया। यह दर 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच जमा होने वाले अंशदान पर लागू होगी। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भी यही 8.25 प्रतिशत की दर लागू थी। इस फैसले से करोड़ों नौकरीपेशा लोगों को स्थिर और अनुमानित रिटर्न का भरोसा मिलेगा। धीरे-धीरे कम हुआ रिटर्न अगर बीते दस वर्षों पर नजर डालें तो ईपीएफ की ब्याज दर में हल्की गिरावट देखी गई है। वर्ष 2015-16 में खाताधारकों को 8.8 प्रतिशत का रिटर्न मिला था, जो अब घटकर 8.25 प्रतिशत रह गया है। यानी एक दशक में 0.55 प्रतिशत की कमी आई है। हालांकि यह गिरावट बहुत बड़ी नहीं मानी जा रही, लेकिन यह संकेत जरूर देती है कि सुरक्षित निवेश योजनाओं पर मिलने वाला रिटर्न धीरे-धीरे नीचे आया है। इसके बावजूद ईपीएफ आज भी जोखिम रहित और भरोसेमंद निवेश विकल्पों में गिना जाता है। कभी 8.10 फीसदी तक पहुंची थी दर मार्च 2022 में ईपीएफओ ने 2021-22 के लिए ब्याज दर घटाकर 8.10 प्रतिशत कर दी थी, जो चार दशकों में सबसे निचला स्तर था। 2020-21 में यह दर 8.5 प्रतिशत थी और उससे पहले 2019-20 में 8.5 प्रतिशत पर लाई गई थी। 2016-17 में 8.65 प्रतिशत और 2017-18 में 8.55 प्रतिशत ब्याज मिला था। 2023-24 में दर को 8.15 प्रतिशत से बढ़ाकर 8.25 प्रतिशत किया गया था, जिसे अब 2025-26 के लिए भी कायम रखा गया है। इससे साफ है कि हाल के वर्षों में दर में ज्यादा उतार-चढ़ाव नहीं हुआ है। अब वित्त मंत्रालय की मंजूरी का इंतजार केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) के फैसले के बाद 2025-26 की ब्याज दर को अंतिम मंजूरी के लिए वित्त मंत्रालय के पास भेजा जाएगा। सरकार की स्वीकृति मिलते ही यह दर सात करोड़ से अधिक खाताधारकों के खातों में क्रेडिट कर दी जाएगी।

## बजट सत्र का दूसरा चरण आज से:लोकसभा स्पीकर को पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। आज लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के विपक्ष के प्रस्ताव पर चर्चा और वोटिंग की संभावना है। यह कार्यवाही भारतीय संविधान के अनुच्छेद 94(सी) के तहत की जाएगी।

कांग्रेस समेत विपक्ष के 118 सांसदों ने 10 फरवरी को लोकसभा सचिवालय को साइन किया नोटिस सौंपा था। आरोप लगाया था कि स्पीकर सदन की कार्यवाही में निष्पक्षता नहीं बरत रहे हैं और विपक्ष को पर्याप्त मौका नहीं दे रहे हैं।

तृणमूल कांग्रेस के 28 सांसदों ने नोटिस पर साइन नहीं किए हैं, लेकिन सांसदों ने पार्टी चेयरपर्सन के निर्देश के मुताबिक अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने का मन बना लिया है। सूत्रों के मुताबिक ळटउ सांसद लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ वोट करेंगे।

6 मार्च को भाजपा-कांग्रेस ने अपने लोकसभा सांसदों को 9 से 10 मार्च तक सदन में रहने के लिए 3-लाइन व्हिप जारी किया। प्रस्ताव पर चर्चा और वोटिंग की कार्यवाही के दौरान बिरला सदन में लोकसभा सदस्य के तौर पर मौजूद तो रहेंगे, लेकिन खुद कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे। उनकी जगह डिप्टी स्पीकर या अन्य सदस्य मौजूद रहेंगे जो सदन चलाएंगे।

नियमों के अनुसार स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव लोकसभा में साधारण बहुमत से पारित होता है। मौजूदा लोकसभा में एनडीए के पास करीब 290 से अधिक सांसदों का समर्थन है, इसलिए प्रस्ताव पारित होना कठिन है। प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान स्पीकर स्वयं सदन की अध्यक्षता नहीं करेंगे, लेकिन उन्हें अपना पक्ष रखने और मतदान करने का अधिकार होगा।

लोकसभा में को राहुल गांधी के भाषण के दौरान जोरदार हंगामा हुआ। राहुल ने पूर्व आर्मी चीफ जनरल नरवणे की अनपब्लिश्ड बुक का हवाला देते हुए कहा- 4 चीनी टैंक लद्दाख बॉर्डर के पास पहुंच गए थे। राहुल के ऐसा कहते ही पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फिर गृह मंत्री शाह ने उन्हें टोका। इसके बाद स्पीकर ने नियमों का हवाला देते हुए उन्हें रोका। राहुल करीब 46 मिनट तक अपनी बात कहने की कोशिश करते रहे। इसके बाद स्पीकर ने लोकसभा की कार्यवाही 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### राष्ट्रपति दौरा विवाद-गृहसचिव ने बंगाल सरकार से रिपोर्ट मांगीः कहा-

# वॉशरूम में पानी नहीं था, सड़क पर कूड़ा था ममता सरकार ने प्रोग्राम वेन्यू बदला था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे में प्रोटोकॉल फॉलो नहीं करने के मामले में केंद्र ने राज्य के मुख्य सचिव से रिपोर्ट मांगी है। सूत्रों के मुताबिक, गृह सचिव ने रिपोर्ट में कहा कि राष्ट्रपति के लिए बनाए गए वॉशरूम में पानी नहीं था। प्रशासन ने जो रास्ता चुना था, वह कचरे से भरा था।

अधिकारियों के मुताबिक, यह रिपोर्ट आज गृह मंत्रालय को भेजने के निर्देश दिए गए। उधर, पीएम मोदी और भाजपा ने इसे राष्ट्रपति का अपमान बताया है। मोदी कहा था कि ये शर्मानाक, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ।

राष्ट्रपति मुर्मु को 7 मार्च को आदिवासी समुदाय के हर साल होने वाले प्रोग्राम 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल कॉन्फ्रेंस में बुलाया गया था। कार्यक्रम सिलीगुड़ी के बिधाननगर में होना तय था। हालांकि सुरक्षा और दूसरे लॉजिस्टिक कारणों का हवाला देते हुए, अधिकारियों ने जगह को बागडोगरा एयरपोर्ट के पास गोपालपुर में शिफ्ट कर दिया।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कार्यक्रम स्थल बदले जाने पर नाराजगी जताई। कहा कि मुझे लगता है बंगाल सरकार आदिवासियों का भला नहीं चाहतीं। नॉर्थ बंगाल दौरे पर न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई मंत्री मुझे रिसीव करने आया। मुझे नहीं पता कि ममता मुझसे नाराज हैं या नहीं। वैसे, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। आप सब ठीक रहें।

### राष्ट्रपति बोलीं- ममता मेरी छोटी बहन जैसीं

ममता बनर्जी मेरी छोटी बहन जैसी हैं। मैं भी बंगाल की बेटी हूं। अगर प्रोग्राम बिधाननगर में होता, तो बेहतर होता। वहां काफी जगह है और बहुत से लोग आ सकते थे। लेकिन मुझे नहीं पता कि राज्य प्रशासन ने वहां मीटिंग की इजाजत क्यों नहीं दी।

गोशाईपुर में जगह छोटी होने की वजह से कई लोग कार्यक्रम में नहीं आ सके। कार्यक्रम ऐसी जगह रखा गया जहां लोगों का पहुंचना मुश्किल था। ऐसा लगता है कि आदिवासी समुदाय के लोगों को कार्यक्रम में आने से रोका गया।

ऐसा लग रहा था जैसे कुछ लोग इस इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस को होने नहीं देना चाहते थे। शायद कुछ लोग नहीं चाहते कि संथाल समुदाय आगे बढ़े और मजबूत बने।

### केंद्र ने गृहसचिव ने जवाब मांगा

राष्ट्रपति को रिसीव करने और विदा करने के लिए मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक क्यों मौजूद नहीं थे? राष्ट्रपति के लिए बनाए गए वॉशरूम में पानी नहीं था। प्रशासन ने जो रास्ता चुना था, वह कचरे से भरा था। दार्जिलिंग के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट, सिलीगुड़ी के पुलिस कमिश्नर और एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट इसके लिए जिम्मेदार हैं।

### पीएम मोदी बोले- प्रेसिडेंट का पद पॉलिटिक्स से ऊपर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस विवाद पर पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि जो लोग डेमोक्रेसी को मजबूत बनाने में यकीन रखते हैं और आदिवासी समुदाय, सभी बहुत दुखी हैं। उन्होंने कहा कि प्रेसिडेंट का पद पॉलिटिक्स से ऊपर है, और इस पद की गरिमा हमेशा बनी रहनी चाहिए। उम्मीद है कि पश्चिम बंगाल सरकार और तृणमूल कांग्रेस को होश आएगा।

### ममता बोलीं- राष्ट्रपति पहले भाजपा शासित राज्यों की हालत देखें

राष्ट्रपति मुर्मु के बयान पर ममता बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल पर कमेंट करने से पहले आपको इखढ शासित राज्यों की हालत देखनी चाहिए। सिर्फ एक पॉलिटिकल पार्टी की बात सुनकर कमेंट करना सही नहीं है।

कोलकाता में एक विरोध प्रदर्शन वाली जगह पर कहा कि इखढ इतना नीचे गिर गई है कि वे राज्य को बदनाम करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का इस्तेमाल कर रहे हैं। राष्ट्रपति को उनके कार्यक्रम में राज्य के

## उमरा करने गए नागपुर के एक डॉक्टर और कारोबारी को सऊदी अरब के मक्का में हिरासत में लिया गया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

उमरा करने गए नागपुर के एक डॉक्टर और कारोबारी को सऊदी अरब के मक्का में हिरासत में लिया गया है। राज्य अल्पसंख्यक आयोग ने सऊदी स्थित भारतीय दूतावास को पत्र लिखकर सहायता देने की मांग की है। नागपुर के अब्दुल आसिम खान और डॉ. याह्या हुनानी को मस्जिद अल हरम में नमाज के दौरान हिरासत में लिया गया। परिवार के अनुसार अरबी भाषा न समझ पाने से गलतफहमी हुई। दोनों पर बिना कंपनी लाइसेंस के ब्रोकरेज गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है और उन्हें अल शुमैसी डिटेंशन सेंटर में रखा गया है।

### मेडिकल कॉलेजों में हड़ताल पर 8 हजार डॉक्टर

**भोपाल।** लंबित स्टाइपेंड संशोधन को लेकर जूनियर डॉक्टरों की सोमवार सुबह 9 बजे से हड़ताल हैं। मध्य प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत रेजिडेंट डॉक्टरों लंबित स्टाइपेंड संशोधन को लेकर अपना विरोध जता रहे हैं। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन का कहना है कि जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती हैं तब तक वे ओपीडी में सेवाएं नहीं देंगे। ऐसे में ओपीडी में आने वाले मरीजों को इलाज के लिए लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। यह भी साफ किया कि ऑपरेशन थिएटर में भी सिर्फ अति गंभीर मरीज होने पर ही सेवा देंगे। यानी प्रदेश भर के मेडिकल कॉलेजों में हर्निया, रॉड इंप्लांट जैसे सामान्य ऑपरेशन टल सकते हैं। इसका सीधा असर इन बीमारियों से पीड़ित मरीजों पर पड़ेगा।

### राजस्थान में पारा 40 डिग्री के पार, मप्र में 39 डिग्री पहुंचा; दिल्ली में भी तापमान 35 डिग्री के पार दर्ज

# जम्मू-कश्मीर और हिमाचल में बारिश-बर्फबारी का अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर में सोमवार से हल्की बारिश और बर्फबारी का अनुमान जताया है। वहीं, पूरी घाटी में अधिकतम तापमान सीजन के एवरेज से ज्यादा रहा। हिमाचल प्रदेश में दो दिन मौसम साफ रहेगा, और 11 मार्च से प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इससे बारिश और बर्फबारी का दौर शुरू होने की संभावना है।

राजस्थान में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार रहा। झुनू जिले का पिलानी राज्य में सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके बाद बाड़मेर में 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं मध्य प्रदेश में भी तापमान 39 डिग्री सेल्सियक के करीब पहुंच गया। यहां रतलाम का तापमान 38.6 डिग्री रहा

इधर देश की राजधानी नई दिल्ली में भी दिन का टेंपरेचर 35.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। क्टऊने सोमवार को आसमान में हल्के बादल छाए रहने और अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचने का अनुमान जताया है।




### मार्च में गर्मी और हीटवेव क्यों

मौसम विभाग के अनुसार इन दिनों राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों से गर्म हवाएं आ रही हैं। जिसका असर मैदानी राज्यों में देखने को मिल रहा है। हवा की दिशा उत्तर-पूर्व से अब पश्चिम और उत्तर-पश्चिम हो गई है। वहीं, हवा में नमी बहुत कम है। इससे आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ेगा। इससे धूप का तीखापन भी बढ़ सकता है।

### कब मानी जाती है हीटवेव

मौसम विभाग के मुताबिक, हीटवेव तब मानी जाती है, जब मैदानों में तापमान 40 डिग्री या उससे ज्यादा पहुंच जाए। अगर सामान्य तापमान से 4 से 6 डिग्री ज्यादा दर्ज किया जाए। ऐसी स्थिति में लोगों की सेहत पर भी असर पड़ सकता है और लू लगने का खतरा बढ़ जाता है।

राजस्थान, गुजरात और इससे लगते पाकिस्तान के एरिया पर बने एंटीसाइक्लोन सिस्टम ने राजस्थान में झुलसाने वाली गर्मी कर दी है। दिन में आसमान ?साफ रहने से सूरज की तपिश तेज हो गई है। पश्चिमी जिलों (बाड़मेर, जैसलमेर, बालोतरा, बीकानेर, जोधपुर) में हल्की गर्म हवाएं चलने लगी हैं।

शनिवार को जैसलमेर प्रदेश का दूसरा सबसे गर्म शहर रहा था। सूरज के तेवर तल्ख हो गए हैं। शनिवार को यहां का पारा 39.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ था। रविवार को भी सुबह से ही तेज धूप निकली है। जैसलमेर में आज अधिकतम तापमान 37 और न्यूनतम 21उ रहने का अनुमान है।

बाड़मेर में शनिवार (7 मार्च) को अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जैसलमेर में ?दिन का तापमान सामान्य से 8.1 डिग्री ऊपर पहुंच गया है। बीकानेर, श्रीगंगानगर, जोधपुर में भी कल अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र से जारी अगामी एक सप्ताह के पूर्वानुमान में गर्मी और तेज होने और तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी दर्ज होने की संभावना जताई गई है।

## बांग्लादेशी नेता हादी हत्याकांड के 2 आरोपी बंगाल में गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल पुलिस की एसटीएफ ने भारत और शेख हसीना विरोधी बांग्लादेशी नेता उस्मान हादी की हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान राहुल उर्फ फैसल करीम मसूद (37) और आलमगीर हुसैन (34) के रूप में हुई है। दोनों मेघालय सीमा से अवैध रूप से भारत में घुस आए थे और पश्चिम बंगाल के बोंगांव में छिपे थे। आरोपी सही मौके का इंतजार कर रहे थे, ताकि दोबारा बांग्लादेश लौट सकें। लेकिन इससे पहले ही एसटीएफ ने 7 और 8 मार्च की दरमियानी रात को छापेमारी कर दोनों को पकड़ लिया। राहुल उर्फ फैसल करीम मसूद बांग्लादेश के पटुआखाली का निवासी है, आलमगीर हुसैन ढाका का रहने वाला है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को रविवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। पूरे मामले की विस्तृत जांच जारी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आरोपियों के भारत में दाखिल होने में स्थानीय नेटवर्क की भूमिका तो नहीं थी।

**हादी को ढाका में गोली मारी गई थी** -उस्मान हादी को राजधानी ढाका में 12 दिसंबर को गोली मारी गई थी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वह रिक्शे पर जा रहे थे तभी बाइक सवार हमलावर ने उन्हें गोली मारी थी। हादी को तुरंत ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, बाद में इलाज के लिए उन्हें सिंगापुर रेफर किया गया था। जहां 18 दिसंबर को उनकी मौत हो गई थी।

### ईरान का दावा- ट्रम्प को युद्ध के लिए उकसाया गया

# विदेश मंत्री अराघची बोले- अमेरिकी सीनेटर ग्राहम और नेतन्याहू ने मिलकर साजिश की



**ब्रह्मास्त्र** ›› वाशिंगटन

अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने 16 फरवरी 2026 को इजराइल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की थी। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान के खिलाफ युद्ध के लिए उकसाया गया। उनका दावा है कि अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मिलकर साजिश की।

अराघची के मुताबिक ग्राहम हाल के हफ्तों में कई बार इजराइल गए और वहां की खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों से मुलाकात की। इन बैठकों में ईरान से जुड़े मामलों पर चर्चा हुई। अराघची का कहना है कि ग्राहम ने कहा था कि उन्हें इजराइल से ऐसी खुफिया जानकारी मिलती है जो कभी-कभी अमेरिकी सरकार भी शेयर नहीं करती। इसी जानकारी के आधार पर ट्रम्प को ईरान के खिलाफ कार्रवाई के लिए राजी किया गया।

अराघची ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राहम ने इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू को सलाह दी कि वे ट्रम्प को ईरान के खिलाफ सैन्य कदम उठाने के लिए कैसे मना सकते हैं। अराघची ने कहा कि किसी भी देश में ऐसा करना देशद्रोह जैसा माना जाएगा। अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने 16 फरवरी 2026 को इजराइल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की थी। सऊदी अरब के अल-खार्ज इलाके में रिहायशी परिसर पर मिसाइल गिरने से एक भारतीय और एक बांग्लादेशी नागरिक की मौत हो गई। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक हमले में 12 अन्य बांग्लादेशी घायल हुए हैं। सऊदी सिविल डिफेंस एजेंसी के मुताबिक आवासीय परिसर पर मिसाइल गिरने से इससे इमारत को नुकसान पहुंचा और आसपास अफरा-तफरी मच गई। इससे पहले ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा था कि उसने अल-खार्ज समेत कई स्थानों पर रडार सिस्टम को निशाना बनाया है। मिसाइल गिरने की घटना इसी इलाके में सामने आई है। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव को देखते हुए भारत सरकार पहले ही सऊदी अरब में रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर चुकी है और उन्हें सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

### अमेरिकी कैथोलिक धर्मगुरु ने की आलोचना

अमेरिका के एक वरिष्ठ कैथोलिक धर्मगुरु कार्डिनल ब्लेज क्यूपिच ने व्हाइट हाउस द्वारा जारी एक वीडियो मोंटाज को ह्लभयावहह्व और ह्लघिनौनाह्व बताया है। यह वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ह्लख४२३ॢ ३ॅ ऒॣूंल्ल ६८ह्व कैप्शन के साथ पोस्ट किया गया था। लगभग 42 सेकंड के इस वीडियो में हॉलीवुड फिल्मों के दृश्यों को ईरान पर अमेरिकी सैन्य हमलों के वास्तविक फुटेज के साथ मिलाकर दिखाया गया था। जो पोप लियो क्ष के करीबी कार्डिनल क्यूपिच ने अपने बयान में कहा- एक असली युद्ध, जिसमें असली मौत और असली पीड़ा है, उसे वीडियो गेम की तरह पेश करना बेहद घिनौना है।


# खामेनेई की मौत पर अमेरिका में लगा था सट्‌टा:498 करोड़ का खेला था दांव



**ब्रह्मास्त्र** ›› वाशिंगटन

ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई को लेकर अमेरिकी प्रेडिक्शन मार्केट साइट काल्शी पर 498 करोड़ रु. का दांव लगाया गया। यह न्यूयॉर्क स्थित कंपनी है, जहां लोग चुनाव, युद्ध और वैश्विक घटनाओं के नतीजों पर पैसे लगाते हैं। खामेनेई की मौत के बाद कई यूजर्स ने खुद को विजेता मान लिया। एक कारोबारी ने 3.19 लाख रुपए लगाए थे और उसे 58 लाख रुपए मिलने की उम्मीद थी, लेकिन कुछ ही मिनट बाद साइट ने ट्रेड रोक दिया। कंपनी ने कहा कि उसके नियम किसी व्यक्ति की मौत से जुड़े दांव पर भुगतान की अनुमति नहीं देते। विवाद बढ़ने पर काल्शी ने दांव लगाने वालों को पैसा और फीस लौटाने का फैसला किया है। डोनाल्ड ट्रम्प ऐसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बन गए हैं जिन्होंने स्पष्ट जनसमर्थन के बिना युद्ध शुरू किया।

## नैन्सी ग्रेवाल हत्याकांड, कनाडाई सिख-हिंदू गुस्से में:3 मार्च एंटी खालिस्तान डे मनाने का ऐलान



पंजाबी यूट्यूबर नैन्सी ग्रेवाल की हत्या के बाद कनाडा में खालिस्तान समर्थकों का विरोध बढ़ गया है। कनाडाई डेमोक्रेट्स, स्थानीय हिंदू और सिख ऑर्गेनाइजेशन के साथ राजनेताओं ने खालिस्तानियों को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रोष जताया।

उन्होंने लिखा- नैन्सी अच्छी इंसान थी। अब 3 मार्च को एंटी खालिस्तान डे के तौर पर मनाया करेंगे। इसी दिन नैन्सी की चाकू से 18 बार वार और जीभ काटकर हत्या की गई थी। विंडसर वेस्ट के सांसद हर्ब गिल ने भी कहा है- लासाल और पूरे विंडसर-एसेक्स के कई लोगों की तरह मुझे भी नैन्सी ग्रेवाल की मौत का दुख है। नैन्सी सोशल मीडिया की दुनिया में एक जानी-मानी आवाज थीं और सोशल मीडिया की पोस्टों ने यह साफ कर दिया कि दुनिया भर में बहुत से लोग उनके विचारों को फॉलो करते थे। इधर, नैन्सी ग्रेवाल की मां आज कनाडा पहुंच जाएंगी और डेडबॉडी लेने के लिए फार्मेलिटीज पूरी करेंगी। इसके साथ ही लासाल पुलिस आज कातिलों को लेकर खुलासा कर सकती है। बता दें कि कनाडा के विंडसर में रहने वाली नैन्सी ग्रेवाल की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। नैन्सी खालिस्तानी मूवमेंट के खिलाफ सोशल मीडिया पर बोलती थीं। उनकी मौत ने कनाडा की राजनीति और पुलिस सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

लोगों ने सोशल मीडिया पर यह वीडियो जारी कर दावा किया कि विरोध करने पर खालिस्तान समर्थकों ने रेडियो होस्ट को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा था। इसी तरह के वीडियो-फोटो शेयर कर लोग खालिस्तानियों के प्रति अपना रोष जता रहे हैं।

### कनाडा पुलिस की सुरक्षा में बड़ी चूक

नैन्सी ने अपनी मौत से कुछ दिन पहले ही बताया था कि उन्हें 40 से ज्यादा बार जान से मारने की धमकियां मिल चुकी हैं। नवंबर 2025 में उनके घर पर पर हमला भी हुआ था। फिर भी पुलिस ने उन्हें कोई सुरक्षा नहीं दी। लासाल पुलिस चीफ माइकल पियर्स ने कहा है कि नैन्सी की हत्या इत्तेफाक या रैंडम हमला नहीं है। यह एक सोची-समझी साजिश थी। उइउ की रिपोर्ट के मुताबिक, एक खालिस्तानी सोशल मीडिया अकाउंट ने इस हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि नैन्सी को उनके बयानों और खालिस्तान के खिलाफ बोलने की सजा दी गई है।

# पाक गई पंजाबी महिला बोली- ब्लैकमेल कर निकाह किया

## वकील से रोते हुए कहा- नासिर पर कार्रवाई कराना चाहती हूं, मुझे भारत भिजवा दो



**ब्रह्मास्त्र** ›› कराची

भारत से पाकिस्तान जाकर मुस्लिम व्यक्ति से निकाह करने वाली पंजाबी महिला सरबजीत कौर ने पति करनैल सिंह और एडवोकेट अली चंगेजी संधू से संपर्क किया। उसने भारत वापस लौटने की इच्छा जताई। एडवोकेट संधू ने कहा कि सरबजीत कौर ने बताया है कि वह पाकिस्तान में बेहद कठिन परिस्थितियों से गुजर रही है और नासिर हुसैन उसे लगातार प्रताड़ित कर रहा है। बातचीत के दौरान वह भावुक हो गईं और रोते हुए अपनी आपबीती साझा की।

सरबजीत कौर ने खुलासा किया कि वह पाकिस्तान इसलिए आई थी ताकि नासिर हुसैन के पास मौजूद उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो हटवाए जा सकें। लेकिन नासिर हुसैन ने उन तस्वीरों और वीडियो का इस्तेमाल उसे ब्लैकमेल करने के लिए किया। उस पर जबरन धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाया गया।

सरबजीत कौर ने कहा कि वह लाहौर हाईकोर्ट में चल रही एक याचिका की सुनवाई के दौरान अपना बयान दर्ज कराएगी। जब 6 मार्च की सुबह लगभग 7 बजे एक टैक्सी उसे लेने के लिए नासिर हुसैन के घर पहुंची, तो नासिर और उसके परिवार के सदस्यों ने उसे अदालत जाने से रोक दिया। परिवार ने कहा कि अगर वह अदालत गई तो इससे परेशानी खड़ी हो सकती है।

सरबजीत कौर ने यह भी कहा कि वह नासिर हुसैन, उसकी पहली पत्नी और उसकी बेटी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करना चाहती है। सरबजीत कौर से बातचीत का वीडियो एडवोकेट अली ने जारी किया। 5 मार्च को दोनों के बीच बात हुई थी। लेकिन एडवोकेट ने वीडियो अब जारी किया।

सिख जत्थे के साथ दर्शन के बहाने पाकिस्तान जाकर मुस्लिम व्यक्ति से निकाह करने वाली पंजाबी महिला सरबजीत का पति करनैल सिंह लाहौर हाईकोर्ट पहुंच गया है। करनैल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर सरबजीत को पाकिस्तान से निकालने और भारत भेजने की मांग की है। करनैल ने दावा किया कि सरबजीत ने उससे तलाक नहीं लिया।


### तलाक का आवेदन नहीं किया, सबूत भी नहीं

वकील अली चगेंजी ने कहा- सरबजीत कौर पहले से विवाहित थीं। उसने अभी तक भारत में मैरिज एक्ट के तहत तलाक के लिए आवेदन नहीं किया है। पाकिस्तान में भी उन्होंने ऐसा कोई कानूनी सबूत पेश नहीं किया, जिससे यह साबित हो सके कि करनैल सिंह के साथ उनका वैवाहिक संबंध समाप्त हो चुका है। इसलिए उन्हें भारत वापस भेजा जाना चाहिए।

सरबजीत को ब्लैकमेल किया, दुबई से पैसे मंगवाए: वकील चंगेजी ने कहा- याचिका में जबरन धर्म परिवर्तन का भी मामला उठाया गया है। वकील के अनुसार, नासिर हुसैन ने उनकी आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो बनाए। जिसके आधार पर सरबजीत को ब्लैकमेल किया। इसके बाद करनैल सिंह से पैसों की मांग की गई। सरबजीत ने दुबई के माध्यम से पैसे भेजे ताकि उनकी वीडियो लीक न की जाए।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. साले की पत्नी-4
3. उच्च कुल का-3
5. पाताल-4
8. व्यंग्य, चुटीली बात-2
10. दुख, कष्ट-2
11. शराब का प्याला-2
13. सत्य, तेज-2
14. जुड़वा-3
15. विश्राम, राहत-3
17. मक्का-मदीना की यात्रा-2
19. झुका हुआ-2
21. होठ, अधर-2
23. सुरक्षित-4
25. नाश, विनाश, विध्वंस-3
26. निश्चित-4

**ऊपर से नीचे**

1. नदी-3
2. संपत्ति, धन-2
3. वंश, खानदान-2
4. उत्तमता, परिष्कृतता-4
6. समुद्र, दरिया-3
7. अंधकार-2
9. जो जायज न हो-4
12. संस्कृत में 'मेरा'-2
13. सपाट-4
16. जांघ-2
17. पैंगंबर, महापुरुष-4
18. रनिवास (उर्दू-3)
20. हुनर, फन-2
22. देह, काया-3
23. गलत का विलोम-2
24. निश्चित-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 5 | | 75 | | 65 | – | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 10 | | 25 | | 5 | | 4 | – | 34 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 25 | | 2 | | 55 | | 14 | = | 64 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 20 | | 5 | | 3 | | 25 | = | 12 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 35 | | 12 | | 45 | | 30 | – | 108 / 80 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | प | रे | दा | नि | ज | व | न | र | ट |
| दा | रा | यू | न | आ | स | वै | द | इ | ह | मे |
| सिं | व | ना | पू | ग | खा | थ | दि | ग | क | सो |
| धु | धी | न | ते | र्व | ज | का | म | क | त | पो |
| घा | ल | र | दा | री | लं | ग | गो | ग | व | थ |
| टी | अ | म | सु | य | अ | पू | व | रो | र | मि |
| ती | जं | सी | मे | हि | प | नु | श | म | ज | या |
| क | ल | ग | रि | वि | व | नी | प | ल | न | ण |
| ने | व | म | व | या | चि | त्या | री | म | प | क |
| ज | ग | त | न | ज | ज | त्र | दा | जी | र्य | त |
| वे | बी | लो | नि | या | ल | ज | र | बा | त | थ |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 7 | | | 5 | |
| 2 | 28 | | 40 | 7 | 35 | |
| | | 5 | 6 | 4 | | 3 |
| 5 | 28 | | 38 | | 34 | 1 |
| 4 | 2 | | | | 1 | 7 |
| | 31 | 2 | 24 | 1 | 30 | |
| 7 | | 1 | 4 | | | 5 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ



# चीन आबादी बढ़ाने के लिए ले रहा आईवीएफ का सहारा

# इनफर्टिलिटी 18 प्रतिशत



**चीनी जोड़े पुरानी पीढ़ियों के मुकाबले अधिक उम्र में शादी कर रहे हैं। यह इनफर्टिलिटी की समस्या अधिक बढ़ने का एक कारण है। संतान पैदा कर सकने वाले जोड़ों में इनफर्टिलिटी 2020 में 18% पाई गई जबकि 2007 में यह 12% थी।**

इससे आईवीएफ की मांग बढ़ी है। चीन में लैब की मदद से संतान को जन्म देने का इलाज कराने वालों की संख्या 2013 के 2.36 लाख के मुकाबले 2019 में 11 लाख हो गई थी। आज चीन में 600 लाइसेंसी क्लिनिक हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार आईवीएफ से 2022 में करीब तीन लाख बच्चों के जन्म हुए थे। अधिक बच्चों के लिए बेचैन देश में इस छोटी संख्या ने भी सरकार का ध्यान खींचा है। चीनी सरकार ने जन्मदर बढ़ाने के लिए अच्छा पैकेज देना शुरू किया है। 2025 में तीन साल से कम आयु के प्रति बच्चे के लिए हर साल 47689 रुपए भत्ता देने की योजना शुरू की है। जनवरी में कंडोम पर वैट की दर 13% कर दी गई। 2022 में केंद्र सरकार ने फर्टिलिटी ट्रीटमेंट को सार्वजनिक बीमा योजनाओं में शामिल किया है। 2024 में दस लाख से अधिक लोगों को आईवीएफ ट्रीटमेंट कराने के खर्च की भरपाई की गई।



## चीन उन देशों में है जिनमें प्रजनन क्षमता की दर सबसे कम

**फिर भी, जनसंख्या विशेषज्ञों को संदेह है कि आईवीएफ सब्सिडी सेजन्मदर में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।जापान और दक्षिण कोरिया दशकों सेआईवीएफ सहित जन्म दर बढ़ाने सेजुड़ी नीतियों पर भारी खर्च कर रहे हैं। दोनों की आबादी कोई खास नहीं बढ़ी है। चीन में संतान पैदा करने की दर बहुत अधिक बढ़ाने के लिए सहायक कार्यक्रमों को कई गुना बढ़ाना पड़ेगा। यह इतना आसान नहीं है।**

अस्पतालों में ऐसे अधिक मरीज आ रहे हैं जिनकी आयु 35-40 के बीच है। इस आयु में सफलता की दर कम होती है। हॉन्गकॉन्ग साइंस टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी के स्टुअर्टगीतेल बास्टेन कहते हैं, आईवीएफ इनफर्टिलिटी में मदद करता है, संतान के बारे में दुविधा या अस्पष्टता में नहीं। इस तरह बहुत कम लोगों को फायदा होता है। चीन में यह सीमित पूल पहुंच की समस्या और सरकार की नीतियों से और सिकुड़ गया है। क्लीनिक्स की संख्या संपन्न शहरों में ज्यादा है। 2023 से 2025 तक दो करोड़ 22 लाख आबादी के बीजिंग में 53 हजार लोगों ने सरकारी इंश्योरेंस से फर्टिलिटी ट्रीटमेंट कराया था। इसकी तुलना में इतनी ही आबादी के उत्तर पूर्वी प्रांत जिलिन में छह हजार से कम महिलाओं को ही 2024 में योजना शुरू होने के पहले वर्ष में फायदा हुआ था।

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के करेन एगलस्टोन कहते हैं, ये असमानताएं चीन के हेल्थ सिस्टम के ढांचे की झलक दिखाती हैं। प्रांतों को अपने इंश्योरेंस खर्च का बड़ा हिस्सा उठाना पड़ता है। इसलिए संपन्न इलाके ज्यादा खर्च करते हैं। गरीब इलाकों में लोगों की इलाज कराने की क्षमता नहीं है। मिसाल के तौर पर निंगशिया की प्रति व्यक्ति सालाना आय ट्रीटमेंट के एक साइकल से कम है।

इसके अलावा आईवीएफ के लिए कड़े राष्ट्रीय और प्रांतीय नियम हैं। केवल विवाहित जोड़ों का इलाज हो सकता है। कई स्थानों में मां की आयु का ध्यान रखा जाता है। एग फ्रीज करने के नियम बहुत सख्त हैं।

### फर्टिलिटी दर बहुत कम

चीन उन देशों में है जिनमें फर्टिलिटी (प्रजनन क्षमता) की दर दुनिया में सबसे कम है। औसत चीनी महिला का अपने जीवनकाल में केवल एक बच्चा होता है। यह 2017 के 1.8 और आबादी को स्थिर रखने के लिए जरूरी 2.1 से बहुत कम है।

## कौन हैं जेफ्री एपस्टीन



जन्म- 20 जनवरी, 1953 | ब्रुकलिन, न्यूयॉर्क



पेशा- इन्वेस्टमेंट मैनेजर

पार्टनर- गिस्लेन मैक्सवेल



नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण और सेक्स ट्रैफिकिंग के गंभीर आरोप लगे

एपस्टीन की हाई-प्रोफाइल पार्टियों में साइंटिस्ट स्टीफन हॉकिंग, बिजनेसमैन डोनाल्ड ट्रम्प, पॉपस्टार माइकल जैकसन, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन समेत कई बड़ी हस्तियां शामिल होती थीं।

**2008** पहली बार फ्लोरिडा में यौन अपराधों के लिए सजा हुई

**2009** नाबालिग लड़कियों की सेक्स ट्रैफिकिंग के आरोप में गिरफ्तार

**2019** न्यूयॉर्क की जेल में रहस्यमयी मौत

## एपस्टीन फाइल- ट्रम्प पर नाबालिग के यौन शोषण का आरोप

### नए दस्तावेज में खुलासा, पहले अधिकारियों ने डुप्लीकेट बताकर रोक दिया था

अमेरिका में न्याय विभाग ने कुख्यात यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े नए दस्तावेज जारी किए हैं। एफबीआई को दिए इंटरव्यू में महिला ने दावा किया कि एपस्टीन ने उसकी मुलाकात डोनाल्ड ट्रम्प से कराई थी। ट्रम्प ने उनका यौन शोषण किया। तब वे नाबालिग थीं। ये पेज पहले जारी नहीं किए गए थे।

एफबीआई ने महिला के दावों से जुड़े 4 इंटरव्यू किए थे। पर शुरूआती रिलीज में सिर्फ एक इंटरव्यू का सार दिखा, जिसमें महिला ने एपस्टीन के खिलाफ आरोप बताए थे। बाकी तीन इंटरव्यू गायब होने पर सवाल उठ रहे थे। अधिकारियों ने अब कहा कि इन्हें गलती से ह्यडुप्लीकेटह्न मानकर रोक दिया गया था। बाद में रिव्यू किया तो यह बात गलत निकली।

अमेरिका की विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता एपस्टीन से जुड़े डॉक्यूमेंट हैंडल करने के तरीके को लेकर ट्रम्प सरकार पर सवाल उठा रही है। उनका आरोप है कि ट्रम्प प्रशासन ने एपस्टीन जांच से जुड़ी ऐसी जानकारियां दबाईं, जो ट्रम्प को नुकसान पहुंचा सकती थीं। हाउस की एक कमेटी ने अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को नोटिस जारी करने के पक्ष में वोट किया। उन्हें कोर्ट में जवाब देना होगा।

ट्रम्प पर आरोप लगाने वाली महिला के 2019 में ऋहृकने कई इंटरव्यू लिए थे। गुरुवार को जो डॉक्यूमेंट जारी हुए हैं, उनमें इन्हीं इंटरव्यू के डिटेल्स शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस इंटरव्यू में उस महिला ने आरोप लगाया कि जब उसकी उम्र 13 से 15 साल के बीच थी, तब एपस्टीन और ट्रम्म ने उसका यौन-शोषण किया था।

### अब तारीखों में पूरा मामला

14 साल की लड़की ने की थी पहली शिकायत

2005: फ्लोरिडा की 30 लड़कियों ने दिया बयान फ्लोरिडा में 14 साल की लड़की की मां ने शिकायत दर्ज कराई कि एपस्टीन ने मसाज के बहाने यौन शोषण किया। जांच में 30 नाबालिग लड़कियों के बयान मिले।

2006-08: राहत देने वाले एकोस्टा बाद में मंत्री यूएस अटॉर्नी ऑफिस ने एपस्टीन को फेडरल ट्रायल से बचाने वाली ह्यप्ली डीलह्न दी। उसे 13 माह की हल्की सजा और दिन में बाहर काम की अनुमति मिली। इस डील को मंजूरी देने वाले अभियोजक एलेक्स एकोस्टा बाद में 2017 में ट्रम्प के पहले कार्यकाल में श्रम मंत्री बने।

2009-15: जेल से बाहर निकला, नेटवर्क सक्रिय डील के बाद एपस्टीन सक्रिय रहा। ह्यलॉलीटा एक्सप्रेसह्न, निजी द्वीप से जुड़ी गतिविधियों के सबूत एजेंसियों के पास बढ़ते गए, लेकिन कोई निर्णायक कार्रवाई नहीं हुई।

2017-18: #मीटू आंदोलन से फिर खुला केस #मीटू आंदोलन के बाद पीड़ितों की गवाही और जांच से एपस्टीन के प्रभावशाली संपर्क उजागर हुए।

2019: फेडरल गिरफ्तारी और जेल में संदिग्ध मौत न्यूयॉर्क में सेक्स-ट्रैफिकिंग के आरोपों में गिरफ्तारी हुई। एक माह बाद मेट्रोपॉलिटन करेक्शनल जेल में संदिग्ध हालात में मौत, आधिकारिक तौर पर आत्महत्या बताया।

2020-26: अब कोर्ट के आदेश से फाइलें जारी... अमेरिकी कोर्ट आदेश व एपस्टीन फाइल्स ट्रांसपरेंसी एक्ट के तहत 30 लाख पेज जारी हुए, वैश्विक जांच शुरू।

### एपस्टीन फाइल्स में 38 हजार बार ट्रम्प का नाम



एक इंटरव्यू में महिला ने कहा कि एपस्टीन उसे न्यूयॉर्क या न्यूजर्सी ले गया था और वहीं ट्रम्प से मिलवाया था। महिला ने जांचकताओं को बताया कि जब ट्रम्प उस पर सेक्स करने के लिए दबाव डाल रहे थे, तब उसने उन्हें काट भी लिया था। महिला का यह भी दावा है कि पिछले कई सालों में उसे और उसके करीबी लोगों को चुप रहने के लिए धमकी भरे कई फोन कॉल भी आए थे। महिला का मानना है कि ये कॉल एपस्टीन से जुड़े लोगों की तरफ से हो सकते थे। एपस्टीन फाइल्स में ट्रम्प का नाम 38 हजार से अधिक बार दर्ज है। रिकॉर्ड में 1990 के दशक में एपस्टीन के निजी विमान से 7-8 यात्राओं का जिक्र है। ट्रम्प के मार-ए-लागो क्लब की गेस्ट लिस्ट में भी शामिल हैं। जांच में सामने आया कि यौन शोषण का नेटवर्क अमेरिका तक सीमित नहीं था। एपस्टीन ने संगठित ट्रैफिकिंग नेटवर्क बनाया। एपस्टीन फाइल्स में अब तक 15 देशों के रईसों, नेताओं और अंतरराष्ट्रीय हस्तियों के नाम सामने आए हैं।

### ट्रम्प ने आरोपों को झूठा बताया

ट्रम्प ने एपस्टीन से जुड़े सभी आरोपों में किसी भी गलत काम से इनकार किया है. पहले न्याय विभाग ने भी कहा था कि जारी किए गए कुछ डॉक्यूमेंट में ट्रम्प के खिलाफ ह्यझूठे और सनसनीखेज दावेह्न हैं. वहीं विपक्षी डेमोक्रेटिक नेताओं ने ट्रम्प सरकार पर आरोप लगाया है कि उसने एपस्टीन जांच से जुड़ी कुछ ऐसी जानकारियों को छिपाने की कोशिश की, जो ट्रम्प के लिए नुकसानदेह हो सकती थीं।

■ वर्ष-12 अंक-124 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 09 मार्च, 2026

## सुभाषितानि

येषां न विद्या न तपो न दानं, ज्ञानं न शीलं न गुणो न धर्मः।
ते मृत्युलोके भुवि भारभूता, मनुष्यरूपेण मृगाश्चरन्ति॥

**भावार्थ** : जिनके पास ज्ञान, तपस्या, ज्ञान, शील, गुण और धर्म का कुछ भी नहीं है, वे मनुष्य मृग की तरह जीवन व्यतीत करते हैं।

ऐश्वर्यस्य समग्रस्य धर्मस्य यशसश्श्रियः।
ज्ञानवैराग्ययोश्चैव षण्णां भग इतीरणा॥

**भावार्थ** : धर्म, यश, श्री, ज्ञान, वैराग्य और विभूति- इन छह ऐश्वर्यों के साथ ईश्वर सर्वोच्च शक्ति का नाम है।

## टी-२० विश्वकप-अन्तिम-क्रीडायाः पूर्वं अहमदाबाद-नगरे धोनी-नामस्य प्रतिध्वनिः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अहमदाबाद

क्रिकेट्-क्रीडायाः बृहत्तमस्य आडम्बरस्य टी-२० विश्वकपस्य २०२६-क्रीडायाः अन्तिम-क्रीडा अधुना अस्माकं उपरि अस्ति, अहमदाबाद-नगरस्य नरेन्द्र-मोदी-क्रीडाङ्गणस्य उत्सुकतापूर्वकं देशस्य विश्वस्य च क्रिकेट्-प्रेमिणः प्रतीक्षन्ते। सामाजिकमाध्यममञ्चाः विशेषतः ट्विट्ट-'ट्विट्ट-'इत्येतयोः भारतीयदलस्य उपाधि-प्रस्तावस्य विषये भावाः प्रचण्डाः सन्ति, विगत-२४ घण्टेषु कोटिकोटि-ट्वीट्-पोस्ट्-इत्यादीनि च कृताः सामाजिकमाध्यमेषु 2026, इत्यादीनि हैशटैग्स् ट्रेण्ड् भवन्ति, सर्वे भारतस्य विजयस्य भविष्यवाणीं कुर्वन्ति। इदानीं पूर्वकप्तानस्य भारतीयक्रिकेट्-क्रीडायाः बृहत्तमस्य च प्रतिष्ठितस्य महेन्द्रसिंहधोनी इत्यस्य अहमदाबाद-नगरे आकस्मिकप्रवेशेन अन्तर्जालस्य प्रज्वलनं जातम्। अहमदाबाद-नगरे धोनी-आगमनस्य वार्ता, छायाचित्रं च सामाजिक-माध्यमेषु वायरल्-रूपेण जातम् एव, प्रशंसकानां उत्साहः उच्छ्रितः अभवत्, ततः शीघ्रमेव ट्विट्ट-'माध्यमेन वैश्विकरूपेण धोनी इति शब्दस्य प्रवृत्तिः।

## सम्पादकीयम्

### राष्ट्रहितं सर्वोपरि

भारतं रूसदेशात् तैलं क्रीणति एव, व्यापारं वर्धयितुं ध्यानं ददाति पुटिन् इत्यस्य भारतयात्रायाः कारणात् द्विपक्षीयसम्बन्धाः सुदृढाः अभवन्, पश्चिमेभ्यः च सन्देशः प्रेषितः यत् भारतं राष्ट्रहितानुरूपं विदेशनीतिं निर्माति। उभयदेशेषु २०३० तमे वर्षे १०० अरब डॉलरस्य व्यापारस्य लक्ष्यं निर्धारितम् अस्ति। नवीदिल्ली-रूसराष्ट्रपतिव्लादिर्मी पुटिन् इत्यस्य भ्रमणकाले भारतस्य रूसस्य च मध्ये यत् सम्झौता अभवत् तत् न केवलं द्विपक्षीयसम्बन्धं सुदृढं करोति अपितु पश्चिमदेशेभ्यः अपि सन्देशं प्रेषयति। भारतेन स्पष्टं कृतं यत् तस्य विदेशनीतिः राष्ट्रहितैः स्वजनानाम् आवश्यकताभिः च निर्धारिता भवति। इयं स्वतन्त्रनीतिः भविष्ये अपि निरन्तरं भविष्यति। दबावः नास्तिः युक्रेनयुद्धस्य आरम्भात् परं पुटिन् इत्यस्य प्रथमवारं भारतयात्राम् सम्पूर्णं विश्वं पश्यति। अमेरिका-युरोप-देशयोः युक्रेन-युद्धं स्थगयितुं निरन्तरं दबावः वर्तते, यद्यपि ते एव ट्रम्पस्य पुनर्निर्वाचनात् पूर्वं तस्य प्रेरणाम् अकरोत्। एतस्मिन् समये भारतेन शान्तिः अवश्यमेव प्रवर्तनीया इति निरन्तरं वर्तते। शुक्रवासरे संयुक्तपत्रकारसम्मेलने भारतेन युक्रेनयुद्धस्य समाप्त्यर्थं भूमिकां कर्तुं प्रतिज्ञा कृता, परन्तु किमपि प्रकारस्य दबावस्य समक्षं न पतति इति अपि उक्तम्। व्यापारे ध्यानं दत्तव्यम्: पुटिन् मोदी च २०३० तमवर्षपर्यन्तं द्विपक्षीयव्यापारं १०० अरब डॉलरं यावत् वर्धयितुं लक्ष्यं निर्धारितवन्तौ। २०२४-२५ तमे वर्षे द्वयोः देशयोः व्यापारः ६८.७ अब्ज डॉलर यावत् अभवत्, परन्तु अस्य महत्त्वपूर्णः भागः रूसदेशात् क्रीतस्य कच्चे तैलस्य रूपेण आसीत्।

## भारतं इतिहासं रचयति : टी-२० विश्वकप २०२६

# ९६ रनेन जित्वा, द्वितीयवारं क्रमशः विश्वविजेता अभवत्



ब्रह्मास्त्र ▸▸ अहमदाबाद

रविवासरे रात्रौ नरेन्द्रमोदी-क्रीडाङ्गणे भारतीयक्रिकेट्-इतिहासस्य स्मरणीय-क्षणेषु अन्यतमः अभवत्, यतः भारतेन न्यूजीलैण्ड्-देशं ९६ रनेन पराजयित्वा टी-२० विश्वकप-२०२६-क्रीडायां विजयः प्राप्तः। सूर्यकुमार-यादवस्य कप्तानत्वेन एकपक्षीय-प्रतियोगितायां टीम-इण्डिया-दलः कीवी-दलस्य कृते पूर्णतया पराजय्य द्वितीय-विश्वकप-विजयस्य भेदं प्राप्तवान्-क्रमशः कालः। गृहभूमौ एषा विजयः भारतीयक्रिकेट्-क्रीडायाः कृते अधिकं विशेषा अभवत्, यतः भारतीयक्रीडकाः सहस्राणां प्रेक्षकाणां पूर्णस्य क्रीडाङ्गणस्य पुरतः स्वस्य तारकीयप्रदर्शनेन इतिहासं रचयन्ति स्म

अन्तिमे मेलने न्यूजीलैण्ड्-देशस्य कप्तानः मिचेल् सैन्ट्न 'टॉस्-क्रीडायां विजयं प्राप्य प्रथमं गेन्दबाजीं कर्तुं निर्वाचितवान्, परन्तु एषः निर्णयः तस्य दलस्य कृते महत् व्ययः सिद्धः। भारतस्य उद्घाटनबल्लेबाजौ अभिषेकशर्मा, संजु सैमसन च आरम्भादेव आक्रामकपद्धतिं स्वीकृतवन्तौ, येन न्यूजीलैण्डस्य गेन्दबाजानां उपरि दबावः उत्पन्नः। प्रथमेषु कतिपयेषु कन्दुकेषु सावधानक्रीडां कृत्वा उभौ बल्लेबाजौ शीघ्रं गोलं कर्तुं आरब्धवन्तौ, भारतीयस्कोरः च शीघ्रमेव आरोहितुं आरब्धवान्।

अन्तिमपक्ष इव विशाले मञ्चे तेजस्वी बल्लेबाजीं कुर्वन् अभिषेकशर्मा केवलं १८ कन्दुकेषु अर्धशतकं प्राप्तवान्। तस्य विस्फोटकपारीद्वारा भारतीयपारीयां प्रचण्डा गतिः प्राप्ता। भारतेन पावरप्ले-क्रीडायां विकेटं न हारयित्वा ९२ रनाः कृत्वा प्रतियोगितायाः अभिलेखः स्थापितः। इदानीं संजु सैमसनः अपि तेजस्वी बल्लेबाजीं कृतवान्, प्रतियोगितायाः तृतीयवारं पञ्चाशत् स्कोरं कृतवान्। तयोः द्रुतसाझेदारी न्यूजीलैण्ड्-देशस्य गेन्दबाजी-आक्रमणं पूर्णतया दबावे स्थापयति स्म।

अभिषेकशर्मा ५२ रनस्य स्कोरेन बहिः गतः, परन्तु तदा अपि भारतस्य धावनस्य दरः स्थिरः एव आसीत्। इशान किशनः मैदानं आगत्य एव शीघ्रं धावनं कर्तुं आरब्धवान्, केवलं २३ कन्दुकेषु अर्धशतकं प्राप्तवान्। सैमसन-किशनयोः द्रुतसाझेदारीद्वारा संचालितः भारतः केवलं १५ ओवरेषु २०० रनस्य निशानं पारितवान्। अस्मिन् काले सैमसनः उत्तम-आघातान् क्रीडन् क्षेत्रस्य परितः तेजस्वी-शॉट्-प्रहारं च कृतवान्।

## उत्तमं कार्यं प्रचारं च

### गृहमन्त्रालयः पुलिसस्थानकान् सामाजिकमाध्यमेषु

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

केन्द्रसर्वकारेण देशे सर्वत्र पुलिसकार्यस्य प्रतिबिम्बं सुदृढं कर्तुं, जनसामान्यं प्रति विश्वासं सुदृढं कर्तुं च महत्त्वपूर्णं पदार्पणं कृतम् अस्ति। गृहमन्त्रालयस्य अन्तर्गतं पुलिस-अनुसन्धान-विकास-ब्यूरो इत्यनेन सर्वेषु राज्येषु केनियन-प्रदेशेषु च पुलिस-विभागेभ्यः निदेर्शाः जारीकृताः, येन तेभ्यः आग्रहः कृतः यत् ते कानून-व्यवस्थायाः निवार्हं यावत् सीमिताः न भवेयुः, अपितु स्वस्य सद्कार्यस्य सामुदायिक-उपक्रमस्य च व्यापक-प्रचारं सुनिश्चितं कुर्वन्तु मन्त्रालयेन स्पष्टीकृतं यत् इदानीं प्रत्येकं पुलिस-स्थानकं नियमितरूपेण स्वस्य सकारात्मकं कार्यं, नवीनतां, सामुदायिक-सङ्गति-क्रियाकलापं च सामाजिक-माध्यमेषु अन्येषु माध्यम-मञ्चेषु च साझां कर्तव्यम् बीपीआर एण्ड डी द्वारा जारीमार्गदर्शिकानां अनुसारं पुलिस-जनतायाः मध्ये पारदर्शितायाः वर्धनं, विश्वासस्य निमार्णं, पुलिसस्य सकारात्मकप्रतिबिम्बं प्रक्षेपणं च इति उद्देश्यं कृत्वा एषा उपक्रमः आरब्धा अस्ति मन्त्रालयस्य मतं यत् प्रायः, उत्तमं पुलिसकार्यं अप्रत्यक्षं भवति, नकारात्मकघटनानि तु शीघ्रमेव वायरल भवन्ति। एतादृशे परिस्थितौ सन्तुलितस्य तथ्यात्मकस्य च प्रस्तुत्यर्थं पुलिसैः स्वस्य प्रशंसनीयकार्यस्य व्यवस्थितरूपेण प्रचारः करणीयः इति अत्यावश्यकम्।

गृहमन्त्रालयेन मासिकं प्रतिवेदनस्वरूपमपि विकसितम् अस्ति, यत् सर्वैः पुलिस-एककैः नियमितरूपेण भृत्वा प्रस्तुतं कर्तव्यम्। अस्मिन् प्रारूपे पञ्च प्रमुखबिन्दवः सन्ति : प्रथमं, उल्लेखनीयपुलिसकार्यस्य प्रचारः सकारात्मककथाः च। द्वितीयं, स्थानीयप्रभावशालिनः।

## राशिफल

**मेष** : कामकाज में कुछ नए काम अचानक सामने आ सकते हैं, जिससे शुरूआत में दबाव महसूस हो सकता है।

**वृषभ** : दिन सामान्य से बेहतर रह सकता है। कामकाज में आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम देखने को मिल सकता है।

**मिथुन** : आज का दिन नई उम्मीदें लेकर आ सकता है। कामकाज में कुछ अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

**कर्क** : आज कर्क राशि वालों के लिए दिन संतुलित रह सकता है। कामकाज में धीरे-धीरे प्रगति देखने को मिल सकती है।

**सिंह** : आज का दिन थोड़ा भागदौड़ भरा रह सकता है। व्यस्तता बढ़ सकती है और कुछ नई जिम्मेदारियां भी मिल सकती हैं।

**कन्या** : आज का दिन योजनाओं पर काम करने का हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत का असर दिख सकता है।

**तुला** : दिन सहयोग और समझदारी का रहेगा। कामकाज में सहकर्मियों का साथ मिलेगा जिससे काम आसान हो सकता है।

**वृश्चिक** : आज का दिन सोच-समझकर फैसले लेने का रहेगा। स्थिरता बनी रह सकती है और प्रगति के संकेत मिल सकते हैं।

**धनु** : धनु राशि के लोगों के लिए आज का दिन नई ऊर्जा के साथ शुरू हो सकता है। कामकाज में मन लगेगा।

**मकर** : आज का दिन प्रगति की ओर इशारा कर सकता है। कार्यक्षेत्र में आपके प्रयासों का सकारात्मक असर दिख सकता है।

**कुंभ** : कुंभ राशि के लोगों के लिए आज का दिन सामान्य और शांत रह सकता है। कामकाज में धीरे-धीरे आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

**मीन** : आज का दिन सकारात्मक रह सकता है। कामकाज में आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम मिल सकता है।

## ज्योतिष/वास्तु

# मेष सहित इन राशियों को मार्च में मिलेगी सफलता, धन लाभ और यात्रा के बनेंगे योग

मार्च महीना जारी है, जो 2026 का तीसरा माह है। इस माह जहां त्योहारों की बहार बनी हुई है, वहीं ग्रहों का विशेष संयोग भी मार्च में रहने वाला है। ज्योतिषियों के मुताबिक, 11 मार्च 2026 को गुरु मार्गी होने वाले हैं। इसके बाद 14 मार्च को बुध वक्री होंगे। 15 मार्च 2026 को सूर्य का मीन राशि में गोचर होगा और 21 मार्च को बुध कुंभ राशि में मार्गी होने वाले हैं। इस बीच 26 मार्च को मंगल कुंभ राशि में उदय होंगे। ऐसे में यह समय कुछ राशियों के लिए शुभ साबित हो सकता है। इन जातकों को नए अवसर, लाभ, धन प्राप्ति और नई नौकरी मिलने के योग बन सकते हैं। ऐसे में आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**मेष राशि-** मार्च महीने का समय मेष राशि वालों के लिए काफी शुभ और अनुकूल रहने वाला है। करियर के क्षेत्र में आपको



नई नौकरी मिलने की संभावना बन रही है। ग्रहों की कृपा से आपको लाभ ही लाभ होने के योग बन रहे हैं। कोई नई गाड़ी या कोई सोना-चांदी आप खरीद सकते हैं। खास बात यह है कि, आर्थिक स्थिति में भी सुधार देखने को मिलेगा। लंबे समय से चल रही परेशानियां अब धीरे-धीरे समाप्त हो सकती हैं। कार्यस्थल पर आपके काम की सराहना होगी और अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**कर्क राशि-** मार्च का समय आपके लिए नई संभावनाओं से भरा रहने वाला है। करियर के क्षेत्र में आपको नई नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं, जिससे भविष्य की दिशा मजबूत होगी। किसी खास और प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जो आगे चलकर आपके लिए लाभदायक साबित होगी। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं और आप उन्हें सफलता के साथ पूरा करेंगे। धन लाभ होगा और नए लोगों से मिलकर आप कुछ नया करने का प्रयास भी करेंगे। आर्थिक मामलों में भी सुधार देखने को मिलेगा।

**मीन राशि-** मीन राशि वालों पर ग्रहों की विशेष कृपा रहने वाली है। आपके रुके हुए कार्य पूरे होने की संभावना है और भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। प्रमोशन के योग इस माह बन सकते हैं।आय के नए स्त्रोत बन सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके प्रयास सफल होंगे और वरिष्ठों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में खुशियों का माहौल बना रहेगा। सामाजिक स्तर पर भी आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

## खबर एक नजर...

### निगम की कचरा गाड़ी में युवक को मारी टक्कर

**उज्जैन।** कनीपुरा मल्टी में रहने वाला राममिलन पिता रामनाथ 45 साल रविवार सुबह बाइक पर सवार होकर निकाला था। कोयला फाटक से गुजरते समय उसे तेजगति से आ रही नगर निगम की कचरा गाड़ी ने टक्कर मार दी। राममिलन गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक कचरा गाड़ी लेकर मौके से भाग निकला। दुर्घटना स्थल से गुजर रहे ऑटो चालक चीकू पिता मोहम्मद यूसुफ ने बाइक सवार को घायल देखा तो उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचा। गंभीर चोट होने पर डॉक्टरों ने राममिलन को भर्ती किया है। दुर्घटना की जानकारी लगने पर परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। ड्यूटी कंपाउंडर द्वारा मामले की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई

### रात 2 बजे कुशलपुरा में चाकूबाजी, 2 युवक घायल

**उज्जैन।** कोतवाली थाना क्षेत्र के कुशलपुरा स्थित बंद हो चुके त्रिमूर्ति टॉकीज के सामने शनिवार-रविवार रात 2 बजे के लगभग भाटगली में रहने वाले लालू पिता मोहनलाल यादव 30 साल और अजय पिता लक्ष्मणसिंह 28 साल निवासी नजरअली का बाड़ा को रास्ते में रोक गौतम और तुषार ने 500 रुपए मांगे। अजय ने रुपए देने से मना किया तो दोनों ने चाकू से हमला कर दिया। अजय की पीठ पर चाकू लगा और वह घायल हो गया। हमला होता देख लालू ने बीच-बचाव का प्रयास किया तो गौतम और तुषार ने अजय के सीने में चाकू घोंप दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। चाकूबाजी में दोनों घायलों को पुलिस ने चरक अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं घायलों के साथी आदित्य यादव निवासी फाजलपुरा की शिकायत पर चाकू मारने वाले दोनों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया। दोनों आरोपी रविवार शाम तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सके थे।

### दूध देने से मना करने पर थप्पड़- मुक्कों से मारपीट

**उज्जैन।** महिदपुर के ग्राम बैजनाथ में रहने वाला नारायण पिता मांगीलाल दूध का व्यवसाय करता है 8 दिन पहले ग्राम झरखेड़ी दूध देने गया था जहां एक लड़की ने बिना पैसे दिए दूध मांगा। नारायण ने उधारी में दूध देने से मना कर दिया। बीती शाम दोबारा दूध देने के लिए झरखेड़ी पहुंचा तो उसे उक्त लड़की के पिता तूफान सिंह ने रोक लिया और दूध नहीं देने पर गाली गलौज करने लगा नारायण ने गाली देने से मना किया तो तूफान सिंह ने थप्पड़ मुक्कों से मारपीट करते हुए पत्थर से हमला कर दिया। चोट लगने पर नारायण घायल हो गया लोगों ने बीच बचाव किया। घायल नारायण की शिकायत पर महिदपुर थाना पुलिस में तूफान के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### मृतकों की नहीं हुई पहचान पुलिस ने दफनाए शव

**उज्जैन।** रंगपंचमी से एक दिन पहले चिमनगंज थाना पुलिस ने आगररोड स्थित गरोठ ब्रिज के नीचे शराब दुकान के बाहर से एक व्यक्ति की लाश बरामद की थी। वही महाकाल थाना पुलिस ने कार्तिक मेला ग्राउंड से एक वृद्ध का शव लोगों की सूचना पर बरामद करने के बाद चरक अस्पताल पहुंचाया था। दो थाना क्षेत्र में मिले मृतकों की पहचान के प्रयास पुलिस ने शुरू किये। उनके पास से कोई ऐसा दस्तावेज नहीं मिला जिससे उनके परिजनों की जानकारी सामने आ सके। आसपास के क्षेत्र में भी लोगों से पूछताछ की गई लेकिन किसी ने भी दोनों की पहचान नहीं की। दोनों शव अज्ञात होने पर रविवार दोपहर चिमनगंज और महाकाल पुलिस ने उनके पोस्टमार्टम करने के बाद लाश दफना दी। वृद्ध की मौत बीमारी की वजह से और दूसरे की मौत अधिक शराब पीने से होना सामने आ रहा है।

3 4 8

# रंग उत्सव में हादसा, कलर बम फटने से 7 झुलसे

## पांच का निजी अस्पताल में उपचार, 2 को इंदौर रैफर किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। रंगपंचमी होने पर रविवार को कृष्ण-सुदामा रंग उत्सव का आयोजन किया गया था। जिसकी शुरूआत होने से पहले हादसा हो गया। उत्सव में कलर बम फटने पर 7 लोग घायल हो गये। मामले में नीलगंगा थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में लिया है।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के संतनगर चौराहा से माधवनगर थाना क्षेत्र के टॉवर चौक तक रंगपंचमी के अवसर पर कृष्ण-सुदामा रंग उत्सव का आयोजन किया गया था। जिसमें हजारों की संख्या में शहरवासी शामिल होने पहुंचे थे। आयोजन की शुरूआत होने से पहले संत नगर चौराहा पर कलर बम छोड़े जा रहे थे। इस दौरान अचानक कलर बम फट गया, जिसके चलते अफरा-तफरी मच गई। कलर बम में बारूद भरा हुआ था, जिसके चलते सात लोग झुलस गये। तत्काल उन्हे पुलिस वाहन और अन्य वाहनों से समीप के निजी अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान सामने आया कि घायलों में अशीष पिता अमीरलाल ढोलपुरे 48 साल निवासी महावीर बाग, रघुवीर पिता पीरालाल गोयल 55 साल निवासी फाजलपुरा देवेन्द्र पिता शोभराम चौहान 33 साल आनंदनगर, जितेन्द्र पिता अमरसिंह पटेल 35 साल महालक्ष्मीनगर, राजेन्द्र पिता अर्जुन भाटिया 57 साल निवासी अवंतिपुरा, प्रशांत पिता मदनलाल 36 साल निवासी अभिषेकनगर और विरेन्द्र पिता रतनसिंह आंजना 42 साल निवासी ग्राम जमालपुरा घायल है। विरेन्द्र भाजपा मंडल अध्यक्ष है। सभी को निजी अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां विरेन्द्र आंजना और राजेन्द्र भाटिया की स्थिति को देखते हुए उन्हे इंदौर रैफर कर दिया गया। नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी सामने आने के बाद अस्पताल पहुंचकर घायलों के बयान दर्ज कर देहती नालसी पर अज्ञात के खिलाफ धारा 125 (ए), 118 (1) का प्रकरण दर्ज किया गया है। एएसपी गुरूप्रसाद पारशर के अनुसार सभी घायलों की हालत स्थिर है।



# रौनक गुर्जर को गोली मारने की फैली अफवाह

## 2 घंटे तक तीन थानों की पुलिस हुई परेशान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रंगपंचमी के बीच रविवार दोपहर में रौनक गुर्जर को गोली मारने की अफवाह फैल गई। तीन थानों की पुलिस घटनाक्रम का पता लगाने के लिये निकल पड़ी। 2 घंटे बाद सामने आया कि किसी ने झूठी खबर फैलाई है। रौनक ने अपना वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी वायरल किया।

ढांचा भवन में रहने वाला रौनक गुर्जर बदमाश प्रवृति का है। जिसके खिलाफ कई संगीन मामले दर्ज है। रविवार दोपहर पुलिस रंगपंचमी की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात थी। तभी 2 बजे लगभग खबर फैली की मक्सीरोड पर रौनक गुर्जर को गोली मार दी गई है। तत्काल पंवासा पुलिस क्षेत्र में घटनास्थल का पता लगाने निकल पड़ी। मक्सीरोड का एक हिस्सा माधवनगर थाना क्षेत्र में आता है। पंवासा में पता नहीं चलने पर माधवनगर अपने क्षेत्र में जानकारी जुटाने निकली। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया, इस बीच चिमनगंज थाना पुलिस भी अलर्ट हो गई और ढांचा भवन रौनक के घर पहुंची, जहां ताला लगा हुआ था उससे और परिवार से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया। कुछ देर बाद चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया का संपर्क रौनक से हुआ। जो सुरक्षित शहर से बाहर होना सामने आया। इस बीच 3 थानों की पुलिस करीब 2 घंटे तक सही घटना का पता लगाने के लिये परेशान होती रही। रौनक और पुलिस के बीच संपर्क होने पर रौनक ने मोबाइल से अपने सुरक्षित होने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया।

# मारपीट में घायल 80 साल के बुजुर्ग की तीन दिन बाद मौत

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद बढ़ाई जायेगी हत्या की धारा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

80 साल के बुजुर्ग के साथ पड़ोसी द्वारा मारपीट की गई थी। घायल वृद्ध को उज्जैन से उपचार के लिये इंदौर ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उपचार के बाद घर ले जाने की सलाह दी थी। रविवार दोपहर को वृद्ध की मौत हो गई। आज पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया जायेगा।



भैरवगढ़ क्षेत्र के ग्राम सोडंग में रहने वाले गोपाल पिता पूना परमार 80 साल के साथ 5 मार्च को देर शाम पड़ोस में रहने वाले कमल ने शराब के नशे में बुरी तरह मारपीट की थी। कमल ने सीने पर बैठ मुक्के मारे थे। बुजुर्ग गंभीर घायल हो गया था। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां से उपचार के लिये इंदौर ले जाया गया था। लेकिन डॉक्टरों ने एक दिन उपचार के बाद परिवार को घर पर ही सेवा करने की बात कहकर छुट्टी दे दी थी। परिवार उन्हे घर ले आया था। इस बीच रविवार दोपहर गोपाल परमार की मौत हो गई। परिवार ने बुजुर्ग की मौत होने की सूचना भैरवगढ़ थाना पुलिस को दी। पुलिस पूर्व में मारपीट का मामला दर्ज कर चुकी थी। मौत होने पर मर्ग कायम किया गया और शाम को शव पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लाया गया। पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा। रिपोर्ट मिलने पर मारपीट के मामले में हत्या की धारा बढ़ाई जायेगी।

**पत्नी के उकसाने पर की थी मारपीट-** बताया जा रहा है कि कमल शराब पीने का आदी है। उसका परमार परिवार से पुराना विवाद भी था। 5 मार्च को कमल नशा कर घर लौटा था और पत्नी अनिता, बेटी निर्मला से विवाद करने लगा था। इस दौरान पत्नी ने बोला कि हमारे साथ विवाद, मारपीट करने से अच्छा पड़ोसी से विवाद है, उसे मारो। नशे में कमल गोपाल परमार के घर पहुंच गया। जहां उसके बेटे से पुराना विवाद था। बेटा नहीं मिला तो उसने गोपाल परमार के साथ ही मारपीट कर दी थी। बुजुर्ग गोपाल की मौत होने पर परिजनों ने बताया कि 2 बच्चों के पिता थे। बुजुर्ग अवस्था के चलते काम नहीं करते थे, दिनभर घर पर ही रहते थे। बताया यह भी जा रहा है कि बुजुर्ग की मौत होने पर मारपीट करने वाले कमल को पुलिस ने राउंडअप कर लिया गया है।

## 20 हजार का था इनाम, बेटे के साथ आई थी उज्जैन

# शिवपुरी से फरार हत्या में शामिल महिला उज्जैन से पकड़ाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। शिवपुरी में 3 माह पहले हुई शिक्षक की हत्या के मामले में फरार चल रही 20 हजार की इनामी महिला आरोपी को शनिवार-रविवार रात देवासगेट थाना पुलिस ने पकड़ा। आरोपी महिला के साथ उसका बेटा भी था। दोनों को शिवपुरी पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

देवासगेट थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने बताया कि रंगपंचमी की पूर्व रात 12 बजे बाद क्षेत्र में टीम के साथ सर्चिंग की जा रही थी और दुकानों को बंद कराया जा रहा था। इस दौरान बस स्टेंड परिसर में सर्चिंग के दौरान एक



महिला और युवक पुलिस को देख बचकर निकलने का प्रयास करने लगे। दोनों पर संदेह हुआ और उन्हे रोका गया, पूछताछ करने पर महिला बरगलाने लगी। वह अपना नाम अलग-अलग बता रही थी। शंका होने पर महिला और उसके साथ युवक को थाने लाया गया। महिला ने उसके साथ युवक को अपना बेटा होना बताया, वह भी पुलिस को देख काफी घबरा रहा था। महिला से सही नाम पता पूछताछ गया तो वह शिवपुरी के ऊमरीकला भोती की रहने वाली सविता पति मुरारी लोधी होना सामने आई। दोनों के संबंध में जानकारी जुटाने के लिये शिवपुरी पुलिस से संपर्क किया गया तो सामने आया कि उक्त महिला हत्या के मामले में 3 माह से फरार है। जिसकी गिरफ्तारी पर 20 हजार का इनाम घोषित है। फरार महिला के हिरासत में आने की जानकारी शिवपुरी पुलिस को दी गई। रविवार सुबह शिवपुरी पुलिस उज्जैन पहुंची और गिरफ्त में आई हत्या की फरार आरोपिया और उसके बेटे का साथ ले गई।

### परिवार के साथ मिलकर मारी थी गोली

शिवपुरी पुलिस के अनुसार फरार इनामी आरोपिया ने 1 दिसंबर 2025 को परिवार के 5 सदस्यों के साथ मिलकर ग्राम कमलपुरा प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक कल्याणसिंह की स्कूल से लौटते समय रास्ते में पुराने विवाद में राजीनामा करने से मना करने पर गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटनाक्रम के बाद सविता लोधी उसके पति मुरारी लोधी, जितेन्द्र उर्फ कल्ला लोधी, प्रदीप दुबे, नहारसिंह लोधी और रामजीलाल लोधी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था। घटना के बाद से सविता फरार चल रही थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com